डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 24.08.2020 से 30.08.2020 ▶ वर्ष-37 ▶ अंक-34 ▶ मूल्य ₹10.00

शासकीय योजनाओं को जमीन पर उतारने के प्रयास गंभीरता के साथ किये जायें

शासकीय सेवाओं में मध्यप्रदेश के ही विद्यार्थी लिए जाएंगे - मुख्यमंत्री

"जनकल्याण के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की गति बढ़ाई जाए। स्वतंत्रता दिवस पर की गई व्यापक जनहित की घोषणाओं, आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए रोडमैप और उसके अमल के साथ ही उन योजनाओं को जमीन पर उतारने के पूरे प्रयास किए जाएं, जिनका क्रियान्वयन गत वर्ष गंभीरता से नहीं किया गया। विभिन्न कार्यों के लिए शिलान्यास और लोकार्पण भी भौतिक रूप से और जहां कोरोना का प्रभाव है वहां तकनीक के माध्यम से संपन्न किए जाएं। सोशल डिस्टेंसिंग और अन्य सावधानियों का पालन करते हुए इनमें विभिन्न मंत्री सम्मिलित होंगे। मध्यप्रदेश में शासकीय सेवाओं में प्रदेश के ही विद्यार्थियों को लिया जाएगा। इसके लिए आवश्यक वैधानिक प्रावधान किए जाएंगे।"

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रिमंडल के सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रिमंडल के सदस्यों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये कहा कि समृद्ध मध्यप्रदेश के लिए अधिक से अधिक प्रयास किए जाएं। प्रयासों की पराकाष्ठा होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों की भूमिका सक्रिय रहे और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जाएं। आत्मनिर्भर भारत के रोडमैप के लिए मंत्री समूह आगामी 25 अगस्त तक अपनी रिपोर्ट दे दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में विभिन्न वर्गों के हित में राशि प्रदान की गई। आर्थिक गतिविधियों की शुरुआत के बाद इनकी गति बढ़ाने और गरीबों के कल्याण के पैकेज के क्रियान्वयन का कार्य तेज किया जाए। लोकल को वोकल बनाने के संकल्प के साथ मध्यप्रदेश में विभिन्न संसाधनों के उपयोग से टिकाऊ विकास की लक्ष्य प्राप्ति करना है। श्री चौहान ने स्वतंत्रता दिवस संबोधन की प्रमुख घोषणाओं के संबंध में मंत्रियों और अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए। इन विषयों में शहीद सैनिकों के परिवार की सहायता, खाद्यान्न सुरक्षा मिशन में एक सितम्बर से सभी उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने, मनरेगा के अंतर्गत दिए गए रोज़गार कार्यों को सुनिश्चित करने, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के 24 जिलों में क्रियान्वयन, स्ट्रीट वेंडर्स को 35 प्रकार के छोटे-छोटे व्यवसायों के सुचारु संचालन में कार्यशील पूंजी दिलवाने, संबल योजना, कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिलवाने, मंडी अधिनियम में संशोधन के प्रावधान जमीन पर उतारने, प्रधानमंत्री कृषि अधोसंरचना निधि में किसानों की आय बढ़ाने, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को प्रारंभ करने, मत्स्य पालन, मछुआरों की आय बढ़ाने, दुग्ध उत्पादकों के क्रेडिट कार्ड तैयार करने, महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त बनाने... (शेष पृष्ठ 12 पर)

लोकल से वोकल
बनाने का लें संकल्प

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण
योजना का 24 जिलों में क्रियान्वयन

स्वतंत्रता दिवस
संबोधन की प्रमुख घोषणाओं के संबंध में निर्देश

मध्यप्रदेश

एनआरए के तहत निर्णय लेने वाला देश का पहला राज्य

भोपाल, मध्यप्रदेश सरकार ने निर्णय लिया है कि राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर ही मध्यप्रदेश के युवाओं को नौकरी दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के निर्णय को अमल में लाने और एनआरए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर ही नौकरी देने का अभूतपूर्व निर्णय लिया गया है। ऐसा निर्णय लेने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य है। इससे युवाओं का जीवन सहज और सुगम बनेगा। देश के दूसरे राज्य भी मध्यप्रदेश की इस पहल को अपनाकर अपने युवा बेटे-बेटियों के कल्याण के लिए आगे आयेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने एक और अनूठा एवं क्रांतिकारी निर्णय लिया है, जिसमें प्रदेश की शासकीय नौकरियों के लिए युवाओं को अलग से कोई परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं होगी। एनआरए की मेरिट के आधार पर निर्धारित श्रेणियों में प्रदेश के युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के लिए आत्मनिर्भर गांव आवश्यक

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में मनरेगा कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा है कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने के लिए ग्रामों का आत्मनिर्भर होना आवश्यक है। ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने में मनरेगा योजना अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकती है। योजना में इस वर्ष 20.50 करोड़ मानव दिवस का लेबर बजट केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत किए जाने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत योजना अंतर्गत 40 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान है। ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजना बनाकर एवं समयबद्ध रूप से कार्य किया जाए।

पुरस्कार

मध्यप्रदेश माध्यम की लघु फिल्म 'हम कर सकते हैं' पुरस्कृत

भोपाल, मध्यप्रदेश माध्यम की देशभक्ति पर आधारित फिल्म "हम कर सकते हैं" को भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा "देशभक्ति - आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम" विषय पर आयोजित लघु फिल्म प्रतियोगिता में "विशेष उल्लेखनीय पुरस्कार" के लिए चुना गया है। इन पुरस्कारों की घोषणा नई दिल्ली में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने की। स्वतंत्रता दिवस समारोह 2020 के अंतर्गत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के साथ मिलकर देशभक्ति का वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से यह ऑनलाइन लघु फिल्म प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें देशभक्ति के साथ आत्मनिर्भरता की थीम तय की गई थी। मध्यप्रदेश माध्यम की इस फिल्म को प्रतियोगिता में प्राप्त कुल 865 फिल्मों में से पुरस्कार के लिए चुना गया है। माध्यम द्वारा तैयार की गई फिल्म "हम कर सकते हैं" में भारत के प्राचीन गौरव का स्मरण कराते हुए आगे सबको साथ लेकर चलने का आह्वान कर विषम परिस्थितियों में इतिहास बदलने की प्रेरणा दी गई है।

एक सितम्बर से हर गरीब को मिलेगा एक रुपये किलो गेहूं, चावल एवं नमक

भोपाल, आगामी एक सितम्बर से प्रदेश के ऐसे सभी गरीबों को जिन्हें अभी तक उचित मूल्य राशन नहीं मिल रहा था, अब उन्हें एक रुपये किलो गेहूं, चावल एवं नमक मिलेगा। प्रति व्यक्ति प्रतिमाह 5 किलो उचित मूल्य राशन मिलेगा। इसके अलावा गरीब परिवारों को नवंबर माह तक 5 किलो प्रति व्यक्ति निःशुल्क राशन भी प्रदाय किया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में आयोजित एक बैठक में कहीं।

इंदौर जिले में 2.5 लाख हितग्राही जुड़े

मुख्यमंत्री ने इंदौर जिले के नवीन हितग्राहियों से चर्चा के दौरान बताया कि इंदौर में सर्वाधिक 2.5 लाख नए हितग्राहियों के नाम जोड़े जाने हैं। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि 31 अगस्त तक यह कार्य पूरा हो जाए।

ऐसे मिलेगी पात्रता पर्ची

श्री चौहान ने बताया कि नए हितग्राहियों की पात्रता पर्ची शासन के एम-राशन एप तथा पोर्टल से डाउनलोड की जा सकती है। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक नवीन हितग्राही को एक सितम्बर से पहले उनके घर पर पात्रता पर्ची अनिवार्य रूप से वितरित करवाएं।

कहीं से भी मिल सकेगा राशन

श्री चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की 'वन नेशन-वन राशन कार्ड' योजना के अंतर्गत अब हितग्राही किसी भी राशन दुकान से राशन प्राप्त कर सकता है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल का निर्णय

राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी के गठन को मिली मंजूरी

दिल्ली, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया में परिवर्तनकारी सुधार लाने के लिए राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) के गठन को अपनी स्वीकृति दे दी है। सरकार ने एनआरए के लिए 1517.57 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है, जिसे आगामी तीन वर्षों में व्यय किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एनआरए की स्थापना को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का ऐतिहासिक निर्णय बताते हुये कहा कि यह फैसला सरकार की भर्ती प्रक्रिया में आमूलचूल बदलाव लेकर आएगा। इस कदम से न सिर्फ भर्ती, चयन और नौकरी में प्लेसमेंट आसान होगा, बल्कि समग्र रूप से जीवन में सुगमता सुनिश्चित होगी। इसके तहत कुल एक हजार केंद्र खोले जाएंगे, हर जिले में एक केंद्र होगा, जहां पर अभ्यर्थी परीक्षा दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम से दूरदराज और पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वालों और विशेष रूप से बालिका अभ्यर्थियों को काफी सहायता मिलेगी। इसके अलावा उनके मूल्यवान समय और संसाधनों में भी बचत होगी।

राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए)

राष्ट्रीय भर्ती एजेंसी (एनआरए) नामक एक बहु-एजेंसी निकाय द्वारा समूह ख और ग (गैर-तकनीकी) पदों के लिए उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग/शॉर्टलिस्ट करने के लिये सामान्य योग्यता परीक्षा (सीईटी) को शुरू किए जाने का प्रस्ताव किया गया है।

- **स्नातक, 12वीं और 10वीं कक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन आयोजित होगी सामान्य योग्यता परीक्षा।**
- **कई भाषाओं में किया जाएगा परीक्षाओं का आयोजन।**
- **एनआरए के अंतर्गत प्रति वर्ष होंगी दो परीक्षाएं और तीन साल के लिए वैध रहेंगे अभ्यर्थियों के अंक।**

एनआरए एक बहु-एजेंसी निकाय होगी, जिसकी शासी निकाय में रेलवे, वित्त मंत्रालय/वित्तीय सेवा विभाग, एसएससी, आरआरबी तथा आईबीपीएस के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

15 अगस्त

स्वास्थ्य बीमा को सरल बनायें बीमा कंपनियां-इरडा

● बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने स्वास्थ्य बीमा को मानकीकृत और सरल बनाने पर जोर दिया है। इरडा के चेयरमैन सुभाष चंद्र खुंटिया ने कहा कि सरल पॉलिसी से बीमा के दावों का अधिक से अधिक निपटारा किया जा सकता है। स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी सरल होगी, तो इससे लोगों में बीमा की विश्वसनीयता बढ़ेगी और बीमा क्षेत्र में विस्तार होगा। खुंटिया ने बताया कि मानकीकृत पॉलिसी से ग्राहकों के अलावा बीमा प्रदाता कंपनियों को भी लाभ होगा।

● वैज्ञानिकों ने कोरोना वायरस की जांच के लिये कम कीमत वाली एक नई टेस्ट किट विकसित की है। ये किट महज 20 मिनट में परिणाम देगी। ऑस्ट्रेलिया के जनरल ऑफ मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी में प्रकाशित एक शोध के अनुसार इस रैपिड मॉलिक्यूलर टेस्ट को एन-1 स्टॉप लैंप नाम दिया गया है। शोधकर्ताओं के अनुसार, यह टेस्ट किट कोरोना की सटीक जांच करेगी। इस जांच प्रक्रिया में केवल एक नली की जरूरत होती है। इस टेस्ट के लिये नाक से स्वॉब लिया जाता है। यह टेस्ट किट पीसीआर टेस्टिंग का स्थान ले सकती है। इस किट में सिर्फ एक मशीन का उपयोग होता है, जो स्वॉब से कोरोना वायरस की पहचान करता है।

● इंडोनेशिया के माउंट सिनाबुंग में ज्वालामुखी एक बार फिर सक्रिय हो गया है। इस ज्वालामुखी में भीषण विस्फोट के बाद आसमान में 2 किलोमीटर तक ऊंचा राख का गुबार छा गया। ज्वालामुखी की राख कई किलोमीटर के दायरे में फैल गई है। इस ज्वालामुखी में एक सप्ताह से भी कम समय में आठवीं बार विस्फोट हुआ है। ज्वालामुखी में लगातार हो रहे विस्फोट के चलते क्षेत्र में उड़ानों के लिये चेतावनी जारी की गई है। साथ ही स्थानीय लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इंडोनेशिया में 120 से अधिक सक्रिय ज्वालामुखी हैं।

16 अगस्त

गलवान घाटी में चीनी सेना से लोहा लेने वाले जवानों को मिलेगा वीरता पुरस्कार

● लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सेना से लोहा लेने वाले भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों को उनकी बहादुरी के लिये वीरता पुरस्कार से नवाजा जायेगा। आईटीबीपी ने बताया कि गलवान घाटी में चीनी सेना से लड़ने वाले 294 जवानों को डायरेक्टर जनरल कमेंडेशन से सम्मानित किया गया है। इस इलाके में तैनात 21 जवानों को वीरता पुरस्कार देने की सिफारिश सरकार से की गई है। उल्लेखनीय है कि मई-जून 2020 में पूर्वी लद्दाख में आईटीबीपी के जवानों ने चीनी सेना का डटकर मुकाबला किया था और अपनी पोस्ट की रक्षा की थी।

● भारत के 74वें स्वतंत्रता दिवस पर देश ही नहीं विदेशों में जश्न मनाया गया है। स्वतंत्रता दिवस पर न्यूयॉर्क में एम्पायर स्टेट बिल्डिंग और दुबई में विश्व की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा पर तिरंगा झंडे की रोशनी की गई। अमेरिका में एट इंडियन न्यूयॉर्क के ट्विटर हैंडल पर एम्पायर स्टेट की तस्वीर शेयर की गई। अमेरिका और यूएई के अलावा न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश और इजराइल आदि देशों में भारतीय मिशन कार्यालयों में विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये।

17 अगस्त

एसबीआई ने मिनिमम बैलेंस सहित कई चार्ज हटाए

● भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने बचत खाताधारकों को बड़ी राहत देते हुये कई तरह के चार्ज हटाए हैं। एसबीआई ने सभी तरह के बचत खातों पर एवरेज मंथली बैलेंस की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया है। इसके अलावा बैंक ने बचत खाते से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर बैंकिंग सर्विस मैसेज के लिये लगने वाले शुल्क को भी खत्म कर दिया है। एसबीआई के चेयरमैन रजनीश कुमार ने कहा कि ये ऐलान एसबीआई ग्राहकों को खुशी देगा। बैंक के ग्राहकों को परेशानी मुक्त बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराने एवं देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिये यह कदम उठाया गया है। एसबीआई के फैसले से 44.51 करोड़ ग्राहकों को फायदा होगा।

● मॉरिशस में हिन्द महासागर में हुये तेल रिसाव से निपटने के लिये भारत ने मॉरिशस को मदद भेजी है। भारत ने तेल रिसाव को साफ करने के लिये 30 टन के विशेष उपकरण और 10 सदस्यों वाली भारतीय तटरक्षक बल की टेक्निकल रिस्पांस टीम भेजी है। उल्लेखनीय है कि मॉरिशस के दक्षिण पूर्वी तट पर फंसे एक जापानी जहाज से हिंद महासागर में तेल रिसाव हो रहा है। इस रिसाव के बाद मॉरिशस सरकार ने देश में पर्यावरणीय आपातकाल लगाने की घोषणा की थी।

● एचडीएफसी बैंक ने सेना में काम कर रहे जवानों के परिवारों के लिये शौर्य किसान गोल्ड कार्ड (KGC) लॉन्च किया है। इस कार्ड के माध्यम से सैनिकों के परिवार कृषि का सामान और मशीनरी खरीद पायेंगे। इस कार्ड के साथ 10 लाख रुपये का निःशुल्क जीवन बीमा भी दिया जा रहा है। एचडीएफसी बैंक के अनुसार इस कार्ड को किसान क्रेडिट कार्ड की गाइड लाइन के आधार पर तैयार किया गया है।

18 अगस्त

तय समय पर आयोजित होंगी नीट और जेईई परीक्षा

● मेडिकल पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये होने वाली राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा

(नीट) तथा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) अपने तय समय पर आयोजित होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने नीट और जेईई परीक्षा को टालने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस अरुण कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण देश में सब कुछ रोका नहीं जा सकता है। बेंच ने कहा कि बच्चों का हर साल कीमती होता है, इसे बर्बाद होने नहीं दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि जेईई मेन परीक्षा 1 से 6 सितंबर तक आयोजित की जानी है, वहीं नीट परीक्षा 13 सितंबर को आयोजित की जायेगी। कोरोना काल में इन परीक्षाओं के आयोजन को रोकने के लिये सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई थी।

● सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के समुद्र तट के किनारे स्थित एक होटल पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले में लगभग 26 लोगों की मौत हो गई, वहीं कई लोग घायल हुये हैं। हमले के बाद सुरक्षा बलों ने होटल परिसर को घेर लिया और सभी आतंकियों को मार गिराया।

● पृथ्वी के फेफड़े कहे जाने वाले अमेजन के जंगलों में लगी आग अब विकराल रूप लेती जा रही है। आग जंगल के पूर्वी हिस्सों से लगे घरों तक पहुंच गई है। ब्राजील के रोंडोनिया राज्य की राजधानी पोर्टो वेल्हो के कई घरों को भी आग से खतरा पैदा हो गया है। आग की भयावहता को देखते हुये अबुई में 20 हजार लोगों को अलर्ट रहने के लिये कहा गया है। जंगलों में लगी आग को बुझाने में दमकल-कर्मियों की कई टीमें जुटी हुई हैं, लेकिन गर्मी बढ़ने के कारण उन्हें समस्या हो रही है।

19 अगस्त

वायुसेना ने पश्चिमी मोर्चे पर तैनात किये स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस

● चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच भारत ने दोतरफा हमले का जवाब देने और

सीमा की सुरक्षा के लिये पाकिस्तान से लगी पश्चिमी सीमा पर स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस तैनात किये हैं। स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रम के लिये यह एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। वायुसेना ने तेजस को पश्चिमी सीमा के पास तैनात किया है, ताकि पाकिस्तान की किसी भी हरकत का तुरंत जवाब दिया जा सके। बताया जा रहा है कि दक्षिणी वायु कमान के तहत सुलूर एयरबेस के बाहर पहला एलसीए तेजस स्क्वाड्रन फ्लाइंग डैगर्स को पश्चिमी सीमा पर एक ऑपरेशनल भूमिका में तैनात किया गया है।

● इराक में सरकार विरोधी प्रदर्शन लगातार तेज होते जा रहे हैं। पिछले तीन सप्ताह से चल रहे इन प्रदर्शनों में लोगों ने देश में जल्द चुनाव कराने की मांग की। इराक के बसरा शहर में लोगों ने प्रांतीय आयोग के सामने तीव्र प्रदर्शन किया और कहा कि देश में भ्रष्टाचार खत्म हो तथा लोगों पर अत्याचार रोके जायें। उग्र प्रदर्शन के बाद जब सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों को रोका तो प्रदर्शन हिंसक झड़प में बदल गया।

20 अगस्त

जम्मू और कश्मीर से वापस भेजी जायेंगी अर्धसैनिक बलों की सौ कंपनियां

● जम्मू और कश्मीर राज्य के पुनर्गठन के एक वर्ष बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर से अर्ध सैनिक बलों की 100 कंपनियों को हटाने का फैसला किया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, यह फैसला राज्य में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के बाद लिया गया है। मंत्रालय के अनुसार, जम्मू और कश्मीर से वापस भेजी जाने वाली

कंपनियों में सबसे ज्यादा 40 कंपनियां केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की हैं। वहीं सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल और सशस्त्र सुरक्षा बल की 20-20 कंपनियां भी वापस भेजी जायेंगी। गृह मंत्रालय के अनुसार, जम्मू और कश्मीर से हटाये गये 10 हजार जवानों को पूर्वोत्तर राज्यों और नक्सल प्रभावित राज्यों में तैनात किया जायेगा।

● सिखों के पवित्र तीर्थ स्थल हेमकुंड साहिब के कपाट 4 सितंबर को खोले जायेंगे। यह जानकारी उत्तराखंड के जिला चमोली प्रशासन द्वारा दी गई है। प्रशासन के अनुसार गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने यात्रा के लिये सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। यात्रा से पहले श्रद्धालुओं को 72 घंटे पहले कोरोना का आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना जरूरी होगा। यात्रा के लिये उत्तराखंड सरकार की वेबसाइट से ई-पास लेना जरूरी होगा। उल्लेखनीय है कि हेमकुंड साहिब सिखों के दसवें गुरू, गुरू गोविंद सिंह जी की तप स्थली है। हेमकुंड साहिब के कपाट प्रति वर्ष मई माह में खुलते हैं, लेकिन इस बार कोरोना महामारी के कारण सितंबर में कपाट खोले जा रहे हैं।

● केंद्र सरकार ने नई शिक्षा नीति को प्रभावी बनाने के लिये एक व्यापक योजना बनाई है। इस योजना के तहत केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से नीति को लेकर सवाल आमंत्रित किये हैं। इन सवालों का जवाब केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी देंगे। इसके लिये केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एनईपी ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया नाम से हैशटैग जारी किया है। इसके माध्यम से किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नई शिक्षा नीति को लेकर सवाल पूछे जा सकते हैं। मंत्रालय नई शिक्षा नीति को लेकर विश्वविद्यालयों और शिक्षाविदों के साथ अलग-अलग स्तर पर चर्चा भी कर रहा है।

21 अगस्त

भारत और चीन के बीच लंबित मुद्दों को जल्द सुलझाने पर बनी सहमति

● भारत और चीन सभी लंबित मुद्दों को सुलझाने के लिये सहमत हो गये हैं। दोनों देशों के बीच 18वीं भारत-चीन वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड को-ऑपरेशन (डब्ल्यूएमसीसी) की वर्चुअल बैठक हुई। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पश्चिमी सेक्टर में भारत और चीन ने सैनिकों को पूर्ण रूप से पीछे हटाने की दिशा में काम करने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच यह समझौता हुआ है कि द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिये सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति की बहाली आवश्यक होगी।

● नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक सितंबर से घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय विमानों के यात्रियों से अधिक विमानन सुरक्षा शुल्क (एएसएफ) वसूलने का फैसला किया है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार एक सितंबर से घरेलू यात्रियों को एएसएफ के रूप में 150 रुपये की जगह 160 रुपये का भुगतान करना होगा, वहीं अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों को 4.85 डॉलर की जगह 5.2 डॉलर बतौर एएसएफ चुकाना होगा। उल्लेखनीय है कि विमानन कंपनियां टिकट बुकिंग के समय यात्रियों से एएसएफ वसूल कर केंद्र सरकार के पास जमा कराती हैं। इस राशि का उपयोग पूरे देश में हवाई अड्डों की सुरक्षा व्यवस्था के लिये किया जाता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

SDPS WOMEN'S COLLEGE
Affiliated to DAVV, Indore
REQUIRES
Principal
Assistant/Associate
Professors
Under Code 28
•Management-1 •Commerce-4
•Hindi-1 •English-1 •Computer-1
Qualification and Experience: As per UGC Norms
Salary: As per Norms
Apply within 7 days at hr@sdps.edu.in
sdps Khandwa Road, Indore 98935 34699
R-44265/2020

PEOPLE'S UNIVERSITY
(Established by M.P. Act No. 18 of 2011 & approved u/s 2 (f) of UGC act 1956)
PEOPLE'S COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES & RC
Recognized by the Paramedical Council of Madhya Pradesh, Director of Medical Education and Higher Education Department
ADMISSION OPEN 2020-21
MPT Masters of Physiotherapy - (Ortho'/ Neuro'/ Cardio' & Sports) 2 yrs PG Degree Program, Eligibility : BPT
BPT Bachelor of Physiotherapy* 4½ yrs Degree Course
BMLT Bachelor of Medical Lab Technology* 3 yrs Degree Course
DMLT Diploma in Medical Lab Technology* 2 yrs Diploma Course
DDT Diploma in Dialysis Technology* 2 yrs Diploma Course
*Eligibility : 12th with Physics, Chemistry & Biology
Attached with People's Teaching Hospital 1000 bedded (ISO 9001:2015) Training facilities such as dissection/demonstration hall, Anatomy Museum OPD/IPD postings, community/ field visit etc. ▮ Separate hostel facility Scholarship facility available. ▮ Medical camps, Health & Nutritional awareness Camp. etc. Institutional NSS & NCC Activities. ▮ Educational Visits and Student's Tour.
Ph. 0755-4005295, M. 98262 44676
People's Campus, Bhanpur, Bhopal (M.P.) 462037
E-mail: pcps.pu2017@gmail.com Shreeram
R-44260/2020

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 34, 24.08.2020 से 30.08.2020

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : mpmdtp@yahoo.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना में मध्यप्रदेश अव्वल

पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना (पीएम स्वनिधि) में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रदेश में अभी तक 58 हजार 476 स्ट्रीट वेंडर्स को 10-10 हजार रुपये का ब्याज मुक्त लोन स्वीकृत किया जा चुका है। यह देश में कुल स्वीकृत प्रकरणों का 47 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि अगस्त महीने के अंत तक एक लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स का लोन स्वीकृत कर दिया जायेगा। यह जानकारी केंद्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आवास और शहरी कार्य श्री हरदीप एस. पुरी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान दी गई। समीक्षा के दौरान सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंत्री और अधिकारी शामिल थे। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री पुरी ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पीएम स्वनिधि योजना में किये जा रहे कार्यों की सराहना की। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में बताया कि 378 नगरीय निकायों में 8 लाख 78 हजार स्ट्रीट वेंडर्स ने पंजीयन करवाया है। इनमें से 4 लाख से अधिक आवेदन सत्यापित किये जा चुके हैं। तीन लाख 77 हजार स्ट्रीट वेंडर्स को परिचय पत्र वितरित किये जा चुके हैं। लोन स्वीकृति के लिये विभिन्न बैंकों को एक लाख 70 हजार से अधिक प्रकरण भेजे जा चुके हैं। श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश इस योजना में बेहतर कार्य कर रहा है। हाल ही में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कोरोना संकट के चलते लॉकडाउन के कारण पथ विक्रेता छोटे-छोटे व्यवसाइयों का कार्य बुरी तरह प्रभावित होने को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हमें हर हालत में उनका काम-धंधा चालू करना है। इसके लिये प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर स्वनिधि योजना से शहरी पथ विक्रेताओं एवं मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ विक्रेता योजना के माध्यम से पथ विक्रेताओं को काम-धंधे के लिये 10 हजार रुपये का ब्याजमुक्त ऋण सरकार उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान भोपाल स्थित मंत्रालय से प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर स्वनिधि योजना के हितग्राहियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिये कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके जिले के पथ विक्रेताओं को यह राशि जल्दी से जल्दी मिल जाये। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि पुलिसकर्मी अथवा नगरीय निकाय का अमला पथ विक्रेताओं को कार्य करने में अथवा ठेला लगाने में परेशान न करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटी-मोटी नौकरी से अच्छा है स्वयं का काम धंधा। इसके लिये सरकार कार्यशील पूंजी उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि जब वे नौवीं कक्षा में भोपाल के मॉडल स्कूल टी.टी. नगर में पढ़ते थे, तब स्कूल के पास ही एक व्यक्ति फुटपाथ पर प्लास्टिक का सामान बेचता था। देखते ही देखते उसने दुकान लगाना चालू किया और अब वह बड़ा व्यापारी बन गया है। आप सब भी अपना स्वयं का कार्य प्रारंभ कर आगे बढ़ें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में गुना जिले के प्रेम नारायण ने बताया कि उन्होंने पथ विक्रेता योजना की राशि से मूंगफली का ठेला लगाया है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो मूंगफली में आनंद है, वो काजू-पिस्ता में कहां है। इसी प्रकार पथ विक्रेता विनय ने बताया कि उन्होंने मिली राशि से प्रेस की गुमठी लगाई। शोभा माली ने बताया कि उन्होंने इस पैसे से मनहारी का ठेला लगाया है तथा 5 हजार रुपये बचा भी लिये हैं। मुख्यमंत्री ने सभी को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पथ विक्रेता के लिये उचित मूल्य राशन की व्यवस्था भी सरकार कर रही है। बच्चों के लिये निःशुल्क पढ़ाई-लिखाई की व्यवस्था है। सभी के लिये निःशुल्क इलाज की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबको निःशुल्क भोजन प्रदाय के लिये दीनदयाल रसोई योजना प्रारंभ की गई है। जो पहले जिलों में फिर बड़े कस्बों और नगरीय निकायों में भी चालू की जायेगी। मध्यप्रदेश सरकार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पथ विक्रेताओं के लिये जिस तरह की सुविधा मुहैया करवा रही है। उससे निश्चित ही पथ विक्रेता परिवारों को राहत मिलेगी और वे अपना काम फिर से व्यवस्थित शुरू करने में सफल होंगे।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- पृथ्वी पर भूकम्प पट्टिकाएं प्लेट सीमाओं का रेखांकन ही हैं। हिमालय पर्वत श्रेणी भारतीय और एशियाई प्लेटों की सीमा का निर्धारण करती है।

हिमालय के विस्तार और संरचना में भारतीय प्लेट का एशियाई प्लेट की ओर अभिसरण एवं अन्ततः मिलन अथवा टकराव का साढ़े पांच करोड़ वर्षों का इतिहास निहित है। भारतीय महाद्वीप के एशिया के साथ जुड़ने के बाद भी भारतीय प्लेट 50 मिलिमीटर प्रति वर्ष की रफ्तार से उत्तर की ओर अभिसरित हो रही है। इस कारण भारत का अग्रभाग क्षेप भ्रंशित होकर अपने से ही कटकर ऊपर उठे भाग महान हिमालय के नीचे निरन्तर क्षेपित हो रहा है। यह प्रक्रिया अभी कई लाख वर्षों तक चलती रहेगी। ऐसा अनुमान है कि हिमालयरूपी भारत एशिया प्लेटों की टकराव सीमा बड़े पैमाने के भूकंपों द्वारा भविष्य में आठ या दस बार और फटेगी। पश्चिम से पूर्व तक 2,400 किलोमीटर लंबाई की हिमालयी अधिक्षेपित चाप निरन्तर सक्रिय है, जिससे कुछ सौ वर्षों तक बड़े भूकम्प आने की आशंका है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

वर्ल्ड फोटोग्राफी डे 19 अगस्त

यादों को सहेजने की तकनीक के विकास का सफर

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषयों पर लेखन कार्य करती हैं)

एक फोटोग्राफ में यह काबिलियत होती है कि वह जगह, अनुभव, विचार और पल को एक ही समय पर एक साथ कैद कर लेता है। इन सबको एक साथ पिरोने के कारण ही कहा जाता है कि, एक तस्वीर हजार शब्दों को बयां कर देती है। तस्वीर अहसास को भी शब्दों की तुलना में अधिक तेजी से पहुंचाती है, अचानक आंखों के सामने आई एक तस्वीर आपके अंदर तुरंत ही घृणा, दुख, खुशी जैसे अलग-अलग अहसास को अचानक से जन्म दे देती है। वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर दुनिया भर के फोटोग्राफर जश्न मनाते हैं। हर साल 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिन उन सभी फोटोग्राफर्स को समर्पित है जिन्होंने अपनी फोटोग्राफी की कला से दुनिया की खूबसूरती को कैमरे में कैद किया है। आज के समय में फोटोग्राफी के जरिए हम आसानी से अपनी जिंदगी के खूबसूरत पलों को कैमरे में कैद कर लेते हैं। इस संसार में प्रकृति ने प्रत्येक प्राणी को जन्म के साथ भी एक कैमरा दिया है, जिससे वह संसार की प्रत्येक वस्तु की छवि अपने दिमाग में अंकित करता है। वह कैमरा व्यक्ति की आंखें हैं। इस नज़र से देखा जाए तो देखने में समर्थ दुनिया का हर प्राणी एक फोटोग्राफर है।

फोटोग्राफी की शुरुआत

विभिन्न त्रासदी की वीभत्सता, देश की आजादी से जुड़े महत्वपूर्ण पल या फिर कोई ऐतिहासिक आंदोलन के बारे में यदि पढ़ने के लिए साहित्य है, तो इन्हें देखने के लिए उपलब्ध तस्वीरों का महत्व भी उतना ही है। पलों को सहजने की तकनीक यानी फोटोग्राफी के विकास की यात्रा भी लंबी है। विज्ञान के विकास के साथ कृत्रिम लैंस का भी आविष्कार हुआ। इसी की याद में विश्व फोटोग्राफी दिवस मनाया जाता है। इतिहासकारों के मुताबिक 9 जनवरी, 1839 को फ्रेंच एकेडमी ऑफ साइंसेज ने डॉगोरोटाइप तकनीक की प्रक्रिया की घोषणा की थी। जोसेफ नाइसफोर और लुइस डॉगेर नामक वैज्ञानिकों ने डॉगोरोटाइप प्रक्रिया का आविष्कार किया था। डॉगोरोटाइप टेक्निक फोटोग्राफी की पहली प्रक्रिया थी। फ्रांस की सरकार ने इस प्रोसेस रिपोर्ट को खरीदकर इसे 19 अगस्त 1839 में लोगों के लिए फ्री कर दिया। इसी की याद में दुनिया भर में 19 अगस्त को वर्ल्ड फोटोग्राफी डे मनाया जाता है। इसके अलावा इस दिन कोडक कंपनी के जॉर्ज ईस्टमैन को भी याद किया जाना चाहिए जिनके 35 एमएम फिल्म रोल ने फोटोग्राफी को लोकप्रिय बनाने और मुख्यधारा में लाने में एक बड़ा योगदान दिया था। आपको बता दें कि वर्ल्ड फोटोग्राफी की लोकप्रियता साल 2010 से बढ़ना शुरू हुई थी। यानी फोटोग्राफी डे को सेलिब्रेट करने के अभी सिर्फ 10 साल हुए हैं। वर्ष 2010 में ऑस्ट्रेलियाई फोटोग्राफर कोर्स्के आरा ने इस दिन के बारे में दुनिया भर में जागरुकता फैलाने की शुरुआत की। उन्होंने अपने सभी साथियों की मदद से दुनिया भर में इस दिन का प्रचार-प्रसार किया। अपने 270 साथी फोटोग्राफरों के साथ मिलकर उनकी तस्वीरें ऑनलाइन गैलरी के जरिए पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत कीं। ऑनलाइन गैलरी के माध्यम से प्रस्तुत की गई इन तस्वीरों को लोगों ने खूब पसंद किया जिसके बाद से इसका ट्रेंड बन गया और हर साल फोटोग्राफी डे के दिन ऐसी ही ऑनलाइन गैलरी बनने की शुरुआत हो गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, इंस्टाग्राम सभी पर वर्ल्ड फोटोग्राफी डे पर लोग अपनी पसंद की अलग-अलग तस्वीरें #WorldPhotographyDay हैशटैग के साथ अपलोड करते हैं।

फोटोग्राफी की तकनीक का विकास

वैज्ञानिक तथा तकनीकी सफलता के साथ-साथ फोटोग्राफी ने भी आज बहुत

तरक्की की है। आज व्यक्ति के पास ऐसे-ऐसे साधन मौजूद हैं, जिसमें सिर्फ बटन दबाने की देर है और मिनटों में अच्छी से अच्छी तस्वीर उसके हाथों में होती है। किंतु सिर्फ अच्छे साधन ही अच्छी तस्वीर की गारंटी नहीं दे सकते हैं। तकनीक चाहे जैसी तरक्की करे, उसके पीछे कहीं न कहीं मनुष्य की सोच और उसका मस्तिष्क ही काम करता है। फोटोग्राफी में भी इसकी जरूरत होती है। हमें आंखों से दिखाई देने वाले दृश्य को कैमरे की मदद से एक फ्रेम में बांधना, प्रकाश व छाया, कैमरे की स्थिति, ठीक एक्सपोजर तथा उचित विषय का चुनाव ही एक अच्छे फोटो को प्राप्त करने की पहली शर्त होती है। भले ही आज हर व्यक्ति के हाथ में कैमरा है, लेकिन सभी अच्छे फोटोग्राफर नहीं बन पाते हैं। अच्छा फोटो अच्छा क्यों होता है- इसी सूत्र का ज्ञान किसी भी फोटोग्राफर को खास बनाता है। फोटोग्राफर रघु राय के शब्दों में, मैं चित्र खींचने के लिए पहले से कोई तैयारी नहीं करता हूं। मैं उसे उसके वास्तविक रूप में अचानक कैंडिड रूप में ही लेना पसंद करता हूं। पर असल चित्र तकनीकी रूप में कितना ही अच्छा क्यों न हो, वह तब तक सर्वमान्य नहीं हो सकता जब तक उसमें विचार नहीं है। एक अच्छी पेंटिंग या अच्छा चित्र वही है, जो मानवीय संवेदना को झकझोर दे।

जॉब सैटिस्फेक्शन से भरा जुनूनी प्रोफेशन

फोटोग्राफी सिर्फ आर्ट ही नहीं आज के समय में अच्छा और सफल प्रोफेशन है। मौजूदा दौर में फोटोग्राफी में तमाम तरह के स्कोप मौजूद हैं, जिससे आप ना सिर्फ अपने शौक को पूरा कर सकते हैं, बल्कि एक अच्छी इनकम भी हासिल कर सकते हैं। हमेशा से ही डिमांडिंग कॅरियर ऑप्शन रहा फोटोग्राफी आधुनिक और डिजिटल कैमरे की वजह से और भी आसान हो गया है। फोटोग्राफी में कॅरियर के कई विकल्प हैं। फोटोग्राफी की फील्ड में फैशन फोटोग्राफी से लेकर पोर्टफोलियो फोटोग्राफी और यहां तक कि प्री-वेडिंग फोटोग्राफी और प्रेग्नेंसी फोटोग्राफी भी काफी ट्रेंड में है। यही कारण है कि इस समय इंडस्ट्री में फोटोग्राफर्स की खासी डिमांड है। इस फील्ड में असिस्टेंट फोटोग्राफर के तौर पर कॅरियर की शुरुआत करने पर हर महीने 3500-6000 रुपये तक कमा सकते हैं। बाद में अनुभव बढ़ने के साथ ही 15,000 से 35,000 रुपये तक की सैलरी मिलनी शुरू हो जाती है। लंबे अनुभव और बेहतर क्रिएटिविटी हो तो लाखों रुपये महीने में भी कमाने लगते हैं।

दुनिया की पहली सेल्फी

सेल्फी का ट्रेंड आजकल बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में दिखाई देने लगा है। यहां तक कि हर खास आयोजन में एक सेल्फी जोन भी बनाया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया की पहली सेल्फी फ्रंट कैमरा आने के बहुत पहले ही ली जा चुकी है। अमेरिकन फोटोग्राफर रॉबर्ट कॉर्नेलियस ने साल 1839 के शुरुआती महीने में एक सेल्फी ली थी। रॉबर्ट कॉर्नेलियस ने अपने कैमरे को सेट किया और लेंस कैप को हटाकर और फ्रेम में चलकर फोटो ली। इसे अब सेल्फी कहा जाता है। स्मार्टफोन से खुद के पोर्टरेट लेना इतना पॉपुलर हो गया है कि ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी ने साल 2013 में 'सेल्फी' को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया था।

डिजिटल कैमरे ने बनाया फोटोग्राफी को आसान

पहले फोटो क्लिक करने के कई दिनों बाद पता चलता था कि फोटो कैसे आई है, वह डेवलप करवाकर प्रिंट आने के बाद ही देखने को मिलती थी, लेकिन अब जब मोबाइल के माध्यम से कैमरा हमारी जेब में है। तो फिल्म रोल का स्थान, इमेज सेंसर और मेमोरी कार्ड्स ने ले लिया है। एसएलआर हो या फोन कैमरा, हम जब चाहें न केवल स्क्रीन पर फोटो देख सकते हैं, बल्कि तुरंत फोटो को एडिट करके ऑनलाइन शेयर कर सकते है। अब तस्वीरें लेना बहुत आसान हो गया है। डिजिटल कैमरों का दौर आने के बाद प्रोफेशनल फोटोग्राफरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। ऐसा इसलिए है कि अब बहुत सी तकनीकी जानकारियों (जैसे अपर्चर, आईएसओ, डेप्थ ऑफ फील्ड आदि) के बगैर भी तस्वीरें लेना आसान है। इंटरनेट ने भी फोटोग्राफी की लोकप्रियता को बढ़ाया है। सुदूर क्षेत्र में क्लिक हुई फोटो भी कुछ घंटों में ही दुनिया भर में वायरल हो जाती है।

बेहतर तस्वीर के लिए ये ध्यान रखना है जरूरी

जहां तक बात खराब तस्वीरों की है तो यह सही है कि हर क्लिक फोटोग्राफ नहीं होती। एक अच्छी तस्वीर में बेहतर संयोजन, रोशनी का बेहतर इस्तेमाल, सही बैकग्राउंड, कैमरा सेटिंग्स और कैमरा एंगल के चयन का बहुत बड़ा योगदान होता है फिर चाहे तस्वीर किसी भी कैमरा से ली गई हो। एक अच्छा फोटोग्राफर किसी भी कैमरे से अच्छी तस्वीरें ले सकता है। माध्यम सिर्फ आपकी कुशलता को बढ़ता है। हमें इन तकनीक से जुड़े बदलावों को स्वीकार करना पड़ेगा।

होमी व्यारावाला ने किया आजादी से जुड़े पलों को कैद

देश की पहली महिला फोटो जर्नलिस्ट होमी व्यारावाला का जन्म 9 दिसंबर, 1913 को गुजरात के नवसारी में एक मध्यमवर्गीय पारसी परिवार में हुआ था। शुरुआती शिक्षा हासिल करने के बाद उन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी और सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट से पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी होने के बाद शुरू में उन्होंने मुंबई के एक दैनिक समाचार पत्र के लिए फोटो खींचना शुरू किया। साल 1942 (दूसरे विश्व युद्ध के दौरान) में व्यारावाला को ब्रिटिश इन्फॉर्मेशन सर्विस ने नई दिल्ली में नौकरी दी। होमी व्यारावाला ने अगस्त 1947 को लाल किले पर पहली बार फहराए गए झंडे, भारत से लॉर्ड माउंटबेटन की वापसी, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री की अंतिम यात्रा की तस्वीरें भी अपने कैमरे में कैद कीं। इसके अलावा उन्होंने महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, मोहम्मद अली जिन्ना, इंदिरा गांधी को अपने कैमरों में कैद किया। होमी 40 साल तक फोटोग्राफी से जुड़ी रहीं। 2010 में भारत सरकार ने उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया। 15 जनवरी, 2012 को उनका निधन हो गया।

(फोटो गूगल से साभार)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर

An ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001

फोन एवं फैक्स नं. : 0761-2622333, ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 11/ब.ले.लि./2020-21 **जबलपुर, दिनांक 31.07.2020**

निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-11

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

स. क्र.	टेण्डर आई.डी.	कार्य का नाम	आमंत्रण	ठेके की अनुमानित राशि	आमनत राशि	निविदा प्रपत्र राशि	समयावधि
01.	2020_PWDRB_100195	पचपेढ़ी उपखण्ड सिविल लाईन स्थित ई एवं एफ टाईप क्वार्टर्स में मरम्मत एवं विशेष मरम्मत कार्य।	प्रथम	20.00 लाख	40000/-	2000/-	04 माह
02.	2020_PWDRB_100196	पचपेढ़ी उपखण्ड सिविल लाईन स्थित ऑफीसर्स बंगलों में रिपेयरिंग एवं रेनोवेशन का कार्य।	प्रथम	20.00 लाख	40000/-	2000/-	04 माह
03.	2020_PWDRB_100197	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज जबलपुर में वाटर प्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य।	प्रथम	10.00 लाख	40000/-	2000/-	04 माह
04.	2020_PWDRB_100198	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज जबलपुर के अंतर्गत कॉलेज भवन, लाईब्रेरी, न्यू कैंसर, ओल्ड कैंसर, ऑर्थो विभाग एवं अन्य भवनों में रिपेयरिंग का कार्य।	प्रथम	20.00 लाख	40000/-	2000/-	04 माह
05.	2020_PWDRB_100199	उप स्वास्थ्य केन्द्र अगरिया, कुमही एवं धरमपुरा ग्राम तहसील सिहोरा जिला जबलपुर में उन्नतिकरण एवं नवीनीकरण का कार्य।	प्रथम	15.89 लाख	32000/-	2000/-	04 माह
06.	2020_PWDRB_100200	उप स्वास्थ्य केन्द्र बरहा ग्राम ब्लॉक बरेला जिला जबलपुर में उन्नतीकरण एवं नवीनीकरण का कार्य।	प्रथम	5.98 लाख	12000/-	2000/-	04 माह
07.	2020_PWDRB_100201	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल कॉलेज जबलपुर में कोविड-19 के अंतर्गत वार्ड एवं लैब में मरम्मत कार्य एवं अन्य अत्यंत आवश्यक कार्य।	प्रथम	15.00 लाख	30000/-	2000/-	04 माह
08.	2020_PWDRB_100202	उप स्वास्थ्य केन्द्र नुनसर, सकरा, छतरपुर, सरौंद, मनखेड़ी एवं बिलपथार में नवीनीकरण एवं उन्नतिकरण का कार्य।	प्रथम	40.80 लाख	50000/-	2000/-	04 माह
09.	2020_PWDRB_100203	उपसंभाग क्र. 1, जबलपुर के अंतर्गत मार्गों में सामग्री प्रदाय का कार्य।	द्वितीय	2.50 लाख	5000/-	2000/-	04 माह
10.	2020_PWDRB_100204	मनखेड़ी नवीन चरगवां मार्ग लंबाई 7.68 कि.मी., सरौंद मझगवां मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. एवं मझगवां भरथरी मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. कुल लंबाई 10.68 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य।	तृतीय	83.14 लाख	84000/-	1000/-	06 माह
11.	2020_PWDRB_100293	शंकर शाह नगर उपखण्ड के अंतर्गत विशेष मरम्मत, वार्षिक मरम्मत, डिपोजिट वर्क एवं अन्य वर्षाऋतु के कार्य।	प्रथम	20.00 लाख	40000/-	2000/-	04 माह

टीप :- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि दिनांक 18.08.2020 समय 10.30 से **दिनांक 28.08.2020 समय 17.30 बजे तक** है, अन्य तिथियां ऑनलाइन पोर्टल पर देखी जा सकती हैं। (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाइन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। (3) निविदा आई.डी. क्र. 2020_PWDRB_100202 & 2020_PWDRB_100204 के भौतिक दस्तावेज जैसे - अमानत राशि, निविदा शुल्क रसीद एवं अन्य लिफाफे कार्यालय मुख्य अभियंता (म/क्षे), जबलपुर में स्पीडपोस्ट के माध्यम से दिनांक 31.08.2020 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। एवं अन्य निविदा आई.डी. के भौतिक दस्तावेज जैसे- अमानत राशि, निविदा शुल्क रसीद एवं अन्य लिफाफे अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में स्पीडपोस्ट के माध्यम से दिनांक 31.08.2020 सायं 5.30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग क्र.-2, जबलपुर

जी-13215/44259/2020

हाथकरघा संचालनालय, मध्यप्रदेश

माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर द्वितीय तल शिवाजी नगर
भोपाल-462016

विज्ञप्ति

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर के त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स के प्रथम वर्ष में प्रवेश (31 जुलाई 2020) के लिये मध्यप्रदेश से आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के लिए **अंतिम तिथि 30.08.2020** निर्धारित की गई है। इस संबंध में विस्तृत विवरण दिनांक 31.05.2020 एवं 26.06.2020 के रोज़गार निर्माण एवं आचरण समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञप्ति को देखा जा सकता है।

आयुक्त
हाथकरघा संचालनालय, भोपाल

जी-13197/44258/2020

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल (म.प्र.)
निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 25/मु.अ.(सेतु परिक्षेत्र)/वर्ष 2020-21 **भोपाल, दिनांक 14.08.2020**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. जबलपुर जिले के अंतर्गत लम्हेटाघाट स्थित जबलपुर से लम्हेटी के नर्मदा नदी पर उच्चस्तरीय (केबल स्टे) पुल निर्माण कार्य।

टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
2020_PWDRB_101718_1	जबलपुर	पुल कार्य	द्वितीय	4687.20	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र, द्वितीय तल प्लाट नम्बर 27-28 अरेरा हिल्स भोपाल।

2. जबलपुर जिले के भेड़ाघाट स्थित सरस्वती घाट से ग्वारी रोड के मध्य नर्मदा नदी पर मय पहुंच मार्ग के जलमग्नीय पुल निर्माण कार्य।

2020_PWDRB_101720_1	जबलपुर	पुल कार्य	पंचम	2342.42	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र, द्वितीय तल प्लाट नम्बर 27-28 अरेरा हिल्स भोपाल।

3. मण्डला जिले में ठरका टिकरवारा हिरदेनगर मार्ग के कि.मी. 5/2 में बंजर नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

2020_PWDRB_101722_1	मण्डला	पुल कार्य	नवम	1059.13	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र, द्वितीय तल प्लाट नम्बर 27-28 अरेरा हिल्स भोपाल।

4. मण्डला जिले के रैवगांव रामनगर मार्ग में बुड़नेर नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य।

2020_PWDRB_101723_1	मण्डला	पुल कार्य	अष्टम	710.24	मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण परिक्षेत्र, द्वितीय तल प्लाट नम्बर 27-28 अरेरा हिल्स भोपाल।
			कुल योग	**8798.99**	

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 03.09.2020**, (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 07.09.2020, (17.30) बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र, भोपाल (म.प्र.)

जी-13137/44246/2020

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर

फोन : 0731-2541498, फैक्स : 0731-2536575
(Email ID : cephedind@nic.in & cephedind@gmail.com)

निविदा सूचना क्रमांक-11/2020-21

इंदौर परिक्षेत्र के अंतर्गत इंदौर एवं बुरहानपुर खण्ड की नलजल योजना के क्रियान्वयन कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-टेण्डर पोर्टल (**http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app**) पर निविदा प्रपत्र 'अपेन्डिक्स-2.10' प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम-टेंडर क्रमांक	जिले/खण्ड का नाम	विकासखण्ड	ग्राम का नाम	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि रु.
1.	2020_PHED_102392_1	Indore	Sanwer	1. Budaniya Path 2. Kachhaliya 3. Malikhedi 4. Satlana 5. Pitawali 6. Ajnod 7. Hatuniya	243.00	243006.00
2.	2020_PHED_102432_1	Burhanpur	Burhanpur	Ichhapur	225.83	225830.00

नोट :- 1. निविदा के अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. उपरोक्त निविदाओं की ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि 02.09.2020 दोपहर 5:30 बजे तक** निर्धारित है। 3. उपरोक्त निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। उक्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट), लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर

जी-13193/44257/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना (म.प्र.)

दूरभाष क्र. : 07732-252084, ई-मेल : eephedpan@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** पर पन्ना जिले के विभिन्न विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में 125/115 मि.मी. व्यास के नलकूप खनन आदि कार्य हेतु नवीन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार निविदाएं आमंत्रित हैं :-

स. क्र.	निविदा क्र./दिनांक	टेण्डर आई.डी. क्र.	विकासखण्ड	नलकूपों की संख्या	निविदा की कुल लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने की समयावधि
1.	17/2020-21/ 18.08.2020	102225	अजयगढ़	30	18.45	36900	2000	छः माह
2.		102229	गुनौर	30	18.45	36900	2000	छः माह
3.		102254	पन्ना	30	18.45	36900	2000	छः माह
4.		102277	पवई	30	18.45	36900	2000	छः माह
5.		102287	शाहनगर	30	18.45	36900	2000	छः माह

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि : 07.09.2020, 5:30 बजे शाम तक
ऑनलाइन निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि : 07.09.2020, 5:30 बजे शाम तक**
ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि : 09.09.2020, प्रातः 11:00 बजे
निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किए जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा से संबंधित समस्त संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे, जिन्हें पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड पन्ना

जी-13191/44256/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग पन्ना (म.प्र.)

एन.आई.टी. नं. 03/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण **पन्ना, दिनांक 17.08.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

समीक्षा बैठक में परिवहन आयुक्त श्री मुकेश जैन ने बताया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भोपाल में ड्रायविंग टेस्ट सेंटर का निर्माण पूरा हो चुका है, जो सितंबर 2020 से कार्य करना प्रारंभ कर देगा।

गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना के प्रमाण-पत्र किये वितरित

दतिया, गृह, जेल एवं संसदीय कार्य एवं विधि विधायी मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया जिले के ग्राम कटीली नुनवाहा, ग्राम कुम्हेड़ी एवं ग्राम रिछारी में मुख्यमंत्री ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना का शुभारंभ किया। उन्होंने ग्राम कटीली में 190 स्ट्रीट वेंडर को प्रमाण-पत्र वितरित किये। इन्हें 10-10 हजार रुपये का ब्याज मुक्त लोन रोज़गार शुरू करने के लिये दिया जाएगा। डॉ. मिश्रा ने ग्राम नुनवाहा में 119, ग्राम कुम्हेड़ी में 106, और रिछारी में 64 स्ट्रीट वेंडर को प्रमाण-पत्र वितरित किये।

डॉ. मिश्रा ने ग्राम कुम्हेड़ी में विकास कार्यों के लिये 60 लाख रुपये और ग्राम रिछारी के लिये 26 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की।

सहयोग से सुरक्षा अभियान

कोरोना संक्रमण रोकने के लिए अभियान का हो प्रभावी क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए 'सहयोग से सुरक्षा' अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। सभी को मास्क लगाने, 2 गज की दूरी रखने तथा अन्य सभी सावधानियां बरतने के लिए प्रेरित किया जाए। सभी कलेक्टर्स अपने जिलों में इस कार्य में सभी का सहयोग लें। इन सावधानियों का पालन करते हुए हम कोरोना संक्रमण को आसानी से रोक सकते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के 53 हजार गांवों में से 1500 गांवों में कोरोना का कम से कम एक मरीज है। हमें गांवों में कोरोना संक्रमण रोकने के हरसंभव प्रयास करने होंगे। इसके लिए रणनीति बनाकर कार्य करें। ग्राम सभाओं, डोंडी पिटवाने आदि के माध्यम से हर ग्रामवासी को कोरोना से बचाव के संबंध में जागरूक किया जाए।

जबलपुर पर विशेष ध्यान दें

जबलपुर जिले की समीक्षा में पाया गया कि गत 7 दिनों में लगभग 600 कोरोना के नए प्रकरण आए हैं। जबलपुर में कोरोना के 1704 पॉजीटिव एवं 495 एक्टिव मरीज हैं। जबलपुर की पॉजीटिविटी रेट 5.61 है, जो ज्यादा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जबलपुर पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। 'सहयोग से सुरक्षा' अभियान के अंतर्गत सभी के सहयोग से कोरोना के संक्रमण को रोके जाने के सभी प्रयास किए जाएं।

रीवा एवं शहडोल मेडिकल कॉलेजों का सुदृढ़ीकरण करें

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्देश दिए कि रीवा एवं शहडोल के मेडिकल कॉलेजों का सुदृढ़ीकरण किया जाए तथा वहां कोरोना के इलाज संबंधी सभी व्यवस्थाएं उत्कृष्ट करें। सभी मेडिकल कॉलेजों में सिटी स्कैन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से हो।

प्लाज्मा थैरेपी से मरीज को लाभ

समीक्षा में बताया गया कि जबलपुर मेडिकल कॉलेज में प्लाज्मा थैरेपी से मरीजों को लाभ हो रहा है।

प्लाज्मा थैरेपी में एक डोनर से 2 प्लाज्मा लिए जाते हैं। मरीज को 2 अलग-अलग डोनर्स का एक-एक प्लाज्मा दिया जाता है।

मध्यप्रदेश की रिकवरी रेट 75.5 प्रतिशत

मध्यप्रदेश में अभी तक कोरोना के 35 हजार 025 मरीज स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। प्रदेश की रिकवरी रेट 75.5 प्रतिशत हो गई है। प्रदेश की मृत्यु दर 2.43 प्रतिशत है तथा पॉजीटिविटी रेट 4.40 प्रतिशत है।

ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को एम्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों से मिलेगा परामर्श

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी रायसेन में टेलीमेडिसन सेवा का शुभारंभ करते हुये।

रायसेन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने रायसेन में ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन व्यवस्था का शुभारंभ किया। चिकित्सा क्षेत्र में शुरू हुई इस नवीन व्यवस्था में मरीजों को एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवायें उपलब्ध हो सकेंगी। डॉ. चौधरी ने रायसेन जिले के सलामतपुर तथा देवनगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से प्रदेश के प्रथम ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन केंद्रों का शुभारंभ किया। प्रथम चरण में प्रदेश के 4 जिलों रायसेन, सीहोर, विदिशा एवं राजगढ़ के 50 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा प्रारम्भ की जा रही है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन केंद्रों के माध्यम से मरीजों को एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार के लिए परामर्श प्राप्त हो सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग जो एम्स नहीं जा सकते, वे भी ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन केंद्र में आकर परामर्श ले सकेंगे। इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रशिक्षित चिकित्सक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे तथा आवश्यकतानुसार एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों से मरीज के उपचार के संबंध में परामर्श प्राप्त करेंगे। डॉ. चौधरी ने कहा कि यह सेवा उन लोगों के लिये वरदान साबित होगी जो साधन, समय एवं पैसे के अभाव में एम्स जैसे बड़े स्वास्थ्य संस्थानों के विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श नहीं ले पाते। साथ ही यह सेवा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को मरीज के संबंध में द्वितीय परामर्श लेने में मदद करेगी। यह सेवा सोमवार, मंगलवार तथा बुधवार सुबह 10 से शाम 5 बजे तक क्रमशः स्त्री रोग, बाल रोग एवं मेडिसिन विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। डॉ. चौधरी ने ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन केंद्र के शुभारंभ अवसर पर ई-संजीवनी सॉफ्टवेयर के माध्यम से एम्स के डॉ. गिरीश भट्ट, डॉ. अजय हलधर तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. पुष्पलता से उपचार के संबंध में चर्चा की।

ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन केंद्रों से मिलेंगी 63 प्रकार की दवाएं

डॉ. चौधरी ने कहा कि एम्स के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जो ट्रीटमेंट दिया जाएगा, उसका पर्चा ई-संजीवनी सॉफ्टवेयर के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध होगा तथा विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से दवाएं दी जाएंगी। ई-संजीवनी टेलीमेडिसिन केंद्रों में 63 प्रकार की दवाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके साथ ही हीमोग्लोबिन, पैथालॉजी, ब्लड ग्रुपिंग, मलेरिया सहित 22 प्रकार की जांच के सैम्पल एकत्रित कर भेजे जाएंगे तथा निर्धारित अवधि में जांच रिपोर्ट प्राप्त होगी, जिसके बाद आवश्यकतानुसार मरीज का उपचार किया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को मिलेंगी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अभी प्रथम चरण में रायसेन सहित प्रदेश के चार जिलों के 50 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को एम्स से जोड़ा गया है। जल्द ही अन्य जिलों में भी यह सुविधा प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी एम्स को हब बनाया गया है, आगे चलकर जिला चिकित्सालयों को भी हब बनाया जाएगा।

सागर में स्थापित की गई अत्याधुनिक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन इकाई

सागर, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने सागर में मसवासी ग्रंट में अत्याधुनिक एकीकृत ठोस प्रबंधन इकाई के लोकार्पण के साथ ही प्रदेश में 'गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश' अभियान का शुभारंभ किया। इस इकाई की लागत 70 करोड़ 54 लाख रुपये है। सबसे अहम बात यह है कि यहां पर प्रदेश का पहला एनीमल कारकस प्लांट भी लगाया गया है, जहां मृत मवेशियों के शवों को वैज्ञानिक ढंग से डिस्पोज किया जायेगा। 'गंदगी भारत छोड़ो-मध्यप्रदेश' अभियान 16 से 30 अगस्त तक चलेगा।

श्री भूपेन्द्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया की प्लांट में स्थानीय लोगों को रोज़गार दिया जाये। उन्होंने कहा कि कचरे के परिवहन के समय गांव के लोगों को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि भोपाल, इंदौर, जबलपुर और कटनी में इस तरह के प्लांट संचालित हैं, लेकिन सागर का यह प्लांट आधुनिकतम मशीनों से लैस है। प्लांट में सागर नगर निगम सहित जिले के 10 नगरीय निकाय खुरई, मकरोनिया, राहतगढ़, बीना, देवरी, बंडा, गढ़ाकोटा, रहली, शाहपुर और शाहगढ़ से निकलने वाले कचरे का निष्पादन किया जायेगा और जैविक खाद तैयार की जायेगी। प्लांट संक्रामक बीमारियों से रोकथाम और सागर को कचरा मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य व समृद्धि के लिये स्वच्छता आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इस दिशा में देश और प्रदेश को गंदगी मुक्त बनाने के लिए लगातार कार्य किया है। इसी का परिणाम है कि देश के सबसे स्वच्छ शहरों में प्रथम और द्वितीय स्थान रखने वाले शहर इंदौर, भोपाल मध्यप्रदेश के हैं। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों में मध्यप्रदेश के शहरों में कचरे के ढेर देखने को नहीं मिलेंगे। शहरों की गंदगी सबसे बड़ी समस्या है। इसे हमे चुनौती के रूप में लेना है।

श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि कोरोना के नियंत्रण और रोकथाम के लिये मध्यप्रदेश में सरकार ने बेहतर कार्य किया है। जिसके फलस्वरूप देश में मध्यप्रदेश 15वें स्थान पर है। मुख्यमंत्री प्रतिदिन कोरोना नियंत्रण की समीक्षा करते हैं। उन्होंने विभिन्न सत्रों में अब तक 600 से अधिक घंटे कोरोना की समीक्षा की है। प्रदेश में कोरोना का निःशुल्क इलाज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सागर में कोरोना नियंत्रण का अच्छा कार्य हुआ है। श्री सिंह ने नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई।

5 लाख लोगों को निःशुल्क मास्क वितरित

श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि कोरोना बचाव के लिये प्रदेश में चलाये गए 'एक मास्क-अनेक जिन्दगी' अभियान के तहत 5 लाख लोगों को निःशुल्क मास्क वितरित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि 16 से 30 अगस्त तक चलाये जाने वाले गंदगी भारत छोड़ो अभियान के तहत नगरीय निकायों की रैंकिंग की जायेगी और अच्छा कार्य करने वाली नगरीय निकायों को मुख्यमंत्री से सम्मानित करवाया जायेगा।

कार्यक्रम में सागर सांसद श्री राजबहादुर ने कहा कि सागर जिला गंदगी मुक्त बनेगा। क्षेत्रीय विधायक श्री प्रदीप लारिया ने कहा कि देश में लगभग 35 प्रतिशत कचरे का ही प्रबंधन हो पाता है। कचरे के कारण 20-22 प्रकार की बीमारियां होती हैं। उन्होंने सागर को गंदगी मुक्त बनाने के लिए किये गए कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त की।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चर्चा में

स्वेतलाना तिखानोव्स्काया

बेलारूस की विपक्षी नेता विदेश पहुँचीं

बेलारूस के राष्ट्रपति चुनाव में अलेक्जेंडर लुकाशेंको की भारी मतों से जीत के बाद उन्हें चुनौती देने वाली युवा महिला नेता स्वेतलाना तिखानोव्स्काया देश में जारी विरोध प्रदर्शनों के बाद विदेश पहुंच गई हैं। पड़ोसी मुल्क लिथुआनिया के विदेश मंत्री ने बताया कि स्वेतलाना उनके देश में सुरक्षित हैं। लुकाशेंको 26 साल से राष्ट्रपति हैं।

बोरिस जॉनसन

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने किया स्कूल का निरीक्षण

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन लंदन के सेंट जोसेफ कैथेलिक स्कूल गए और निरीक्षण किया। कोरोना संक्रमण के कारण ब्रिटेन में 20 मार्च से स्कूल बंद हैं। यहां स्कूलों का सेशन अगले महीने से शुरू होगा। पिछले दिनों बोरिस जॉनसन की तीरंदाजी करते हुए तस्वीर भी प्रकाशित हुई थी। वे लंदन के प्रीमियर एजुकेशन समर कैंप पहुंचे थे। उन्होंने वहां बच्चों के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में हिस्सा लिया था।

सेंट पॉल सीएसआई चर्च

बाँध टूटने से ढह गया

केरल के अलप्पुझा में बांध टूट जाने से चुंगम कुरुवेल्ली पदाशेखरम में स्थित 151 साल पुराना सेंट पॉल सीएसआई चर्च ध्वस्त हो गया। धान के खेतों के बीच स्थित होने के कारण चर्च में पानी घुसा हुआ था। इस घटना से किसी को कोई क्षति नहीं पहुंची है, क्योंकि स्थानीय लोगों को पहले ही सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था।

सोफी रोज

ऑस्ट्रेलिया की युवती वैक्सीन के ह्यूमन ट्रायल के लिए तैयार

ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन की रहने वाली 22 वर्षीय सोफी रोज एक साइंटिस्ट हैं। उन्होंने कहा कि वह कोरोना वैक्सीन पर रिसर्च के लिए खुद को संक्रमित करने के लिए तैयार हैं। सोफी वैक्सीन के ह्यूमन ट्रॉयल के जरिए लाखों लोगों की जिंदगी बचाने में विश्वास रखती हैं। उन्होंने इसके लिए कैंपेन भी शुरू कर दिया है।

हंगरी में

अनूठी रेस के जरिए नदी को किया साफ

हंगरी की दूसरी सबसे बड़ी नदी टिस्जा में एक अनूठी रेस का आयोजन किया गया। इस रेस का लक्ष्य टिस्जा को रिकॉर्ड टाइम में स्वच्छ करना था। सभी प्रतिभागियों ने नौका रेस के दौरान नदी में कूड़ा-करकट और प्लास्टिक निकालकर नौ दिन में सारा कचरा नौका में भरकर नदी को स्वच्छ कर दिया। इस रेस के दौरान आठ टन कचरा निकाला गया।

गॉसफोर्थ पार्क में

सोशल डिस्टेंसिंग के साथ लाइव कंसर्ट हुआ

इंग्लैंड के गॉसफोर्थ पार्क में लाइव म्युजिक कंसर्ट हुआ। सोशल डिस्टेंटिंग बनाए रखने के लिए 500 क्युविकल नुमा प्लेटफॉर्म बनाए गए थे। इनमें 2500 लोगों ने बैठकर शो का आनंद लिया। इन प्लेटफॉर्म के बीच दो मीटर की दूरी रखी गई थी। एक प्लेटफार्म में अधिकतम पांच लोग बैठे। दर्शकों के लिए जरूरी किया गया था कि उन्हें शो के दौरान मास्क पहनना होगा।

माइकल जॉर्डन के

वर्षों पुराने जूते 4.60 करोड़ रुपये में बिके

वॉस्केटबॉल के महान खिलाड़ी माइकल जॉर्डन द्वारा पहने गए जूते 6 लाख 15 हजार डॉलर यानि 4 करोड़ 60 लाख रुपये में बिके हैं। क्रिस्टी ऑक्शन ने यह ऑक्शन करवाया था। ये स्नीकर्स एयर जॉर्डन I के हैं, जो एनबीए मेगास्टार ने 1985 के एक प्रदर्शनी मैच में पहने थे। जॉर्डन ने यह जूते पहनकर कुल 30 अंक अर्जित किए थे।



एयरो-2 मिसाइल इंटरसेप्टर

परीक्षण रहा सफल

शत्रु की बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही नष्ट करने वाले एयरो-2 मिसाइल इंटरसेप्टर का सफल परीक्षण इजराइल द्वारा किया गया है। इजराइल के रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह परीक्षण अमेरिका की मिसाइल रक्षा एजेंसी, इजराइली वायु सेना और इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्री के सहयोग से किया गया। इजराइल के रक्षा मंत्री बेनी गंट्ज ने कहा कि हमारी प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी इकाई के वैज्ञानिकों ने यह सुनिश्चित कर दिखाया है कि हम अपने शत्रुओं से हमेशा एक कदम आगे रहेंगे।

रॉकेट इंजन 'रमण'

पहले निजी रॉकेट इंजन का परीक्षण सफल रहा

हैदराबाद स्थित स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने ऊपरी चरण के रॉकेट इंजन 'रमण' का सफल परीक्षण किया। यह इंजन कई उपग्रहों को एक ही बार में अलग-अलग

कक्ष में स्थापित कर सकता है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व वैज्ञानिकों द्वारा स्थापित स्काईरूट संस्था भारत का पहला निजी अंतरिक्ष प्रक्षेपण वाहन बना रही है।

फेसबुक ने

अमेरिका में शुरू की नई सेवा

फेसबुक ने अमेरिका के आगामी राष्ट्रपति चुनाव में भ्रामक सूचनाओं पर लगाम लगाने के लिए नई सेवा की शुरुआत की है। इसके तहत यदि कोई यूजर्स मतदान संबंधी पोस्ट करेगा तो रीडर को पोस्ट के साथ एक मैसेज दिखेगा। इसमें पढ़ने वालों से चुनाव संबंधी सूचना को वेरिफाई करने की अपील की जाएगी। अमेरिका में 3 नवंबर को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। गौरतलब है कि पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कई लोग ई-मेल के जरिए मतदान करेंगे।

सोमा मंडल

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की नई अध्यक्ष होंगी

सोमा मंडल स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया की नई अध्यक्ष होंगी। मौजूदा समय में सोमा कंपनी के निदेशक वाणिज्यिक के पद पर काम कर रही हैं। नई दिल्ली में लोक उद्यम चयन समिति ने सोमा को चयनित किया है। सेल के वर्तमान अध्यक्ष अनिल कुमार 31 दिसंबर 2020 को रिटायर हो रहे हैं।

क्रिस्टियानो रोनाल्डो

मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर ऑफ द ईयर चुने गये

पुर्तगाली स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को इटली के क्लब यूवेंट्स ने 2019-20 सीजन के लिए मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर ऑफ द ईयर चुना है। इस सीजन में रोनाल्डो ने अपनी टीम के लिए 37 गोल किए हैं। एक सीजन में सर्वाधिक गोल करने का फेलिस बोरेल का 80 साल पुराना रिकॉर्ड भी उन्होंने अपने नाम किया है।

ब्रिटेन में

महात्मा गांधी के गोल्ड प्लेटेड चश्में की होगी नीलामी

महात्मा गांधी का गोल्ड प्लेटेड चश्मा ब्रिटेन में 21 अगस्त को होने वाली नीलामी में रखा जाएगा। नीलामी से पहले ही इसकी कीमत 6 हजार पाउंड लग चुकी है। माना जा रहा है कि इसकी बोली 15000 हजार पाउंड तक जा सकती है। ईस्ट ब्रिस्टल ऑक्शन ने यह जानकारी दी है।



सवरीना सिंह

कमला हैरिस की प्रेस सचिव नियुक्त

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट की उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने भारतीय-अमेरिकी सवरीना सिंह को प्रचार अभियान के लिए अपना प्रेस सचिव नियुक्त किया है। सवरीना इससे पहले डेमोक्रेट के राष्ट्रपति पद के दो उम्मीदवारों की प्रवक्ता रह चुकी हैं। सवरीना पहली भारतीय - अमेरिकी हैं, जिन्हें किसी बड़े राजनीतिक दल के उप राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का प्रेस सचिव बनाया गया है।

एडमिरल जयनाथ कोलोम्बागे

श्रीलंका के विदेश सचिव बने

श्रीलंका में सरकार ने नौसेना के 62 वर्षीय पूर्व कमांडर एडमिरल जयनाथ कोलोम्बागे को नया विदेश सचिव नियुक्त किया है। इस पद पर पहली बार सेना की पृष्ठभूमि वाले अधिकारी की नियुक्ति की गई है। जयनाथ की नियुक्ति रविनाथ आर्य सिंह के स्थान पर की गई है। जयनाथ 2012 से 2014 तक नौसेना प्रमुख रहे हैं। इस समय वह राष्ट्रपति के विदेशी मामलों के सलाहकार थे। श्रीलंका में पहली बार विदेश सेवा से बाहर के किसी व्यक्ति को विदेश सचिव बनाया गया है।

सुरेन्द्र कुमार सिन्हा

बांग्लादेश में चलेगा गबन का मुकदमा

बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट के पहले हिंदू मुख्य न्यायाधीश रहे सुरेन्द्र कुमार सिन्हा पर गबन का मुकदमा चलेगा। जस्टिस सिन्हा सहित दस लोगों पर एक बैंक के चार करोड़ टका के गबन का आरोप है। साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा चलाने का आदेश ढाका की एक अदालत ने दिया है। अदालत ने गिरफ्तारी का आदेश भ्रष्टाचार निरोधी आयोग (एसीसी) के आरोप पत्र के आधार पर दिया। गौरतलब है कि सिन्हा इस समय अमेरिका में रह रहे हैं और उन्होंने अमेरिकी सरकार से शरण मांगी है।

स्मृति शेष

पूर्व क्रिकेटर और यूपी सरकार के मंत्री चेतन चौहान का निधन

पूर्व क्रिकेटर और उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चेतन चौहान का 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने टीम इंडिया के लिए 1969 से 1978 के बीच 40 टेस्ट मैच खले हैं। चेतन चौहान यूपी के खेल मंत्री तथा भारतीय क्रिकेट टीम के मैनेजर भी रह चुके हैं।

तमिल फिल्म निर्माता स्वामीनाथन का निधन

तमिल फिल्मों के मशहूर निर्माता एवं लक्ष्मी मूवी मेकर्स के मालिक वी. स्वामीनाथन का चेन्नई में निधन हो गया। स्वामीनाथन की लोकप्रिय फिल्मों में उन्नाई थेड़ी, उन्नीदथिल एन्नाई कोडु थेन, प्रियमुदन और भगवती शामिल हैं। मिस्टर मद्रास और अंबे शिवम भी उनकी लोकप्रिय फिल्में रहीं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

PHONE No. : 07162-243214, E-mail : pwdpiu12cwa@gmail.com

एनआईटी नं.-15/2020/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/पी.आई.यू./ब.ले.लि. छिन्दवाड़ा, दिनांक : 13.08.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएसी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी	90 प्रतिशत अविवादित एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित
स.क्र./कार्य का नाम :- 1. तह.- तामिया, जिला छिन्दवाड़ा में कन्या शिक्षा परिसर का उन्नयन कार्य। (पांचवा आमंत्रण)							
2020_PWPIU_101759_1	छिन्दवाड़ा	773.71	773710.00	20000/-	18 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लो.नि.वि. पी.आई.यू. जबलपुर	एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त
स.क्र./कार्य का नाम :- 2. कचराम, जिला छिन्दवाड़ा में 02 अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)							
2020_PWPIU_101761_1	छिन्दवाड़ा	38.48	50000.00	5000/-	04 माह	अतिरिक्त परियोजना संचालक लो.नि.वि. पी.आई.यू. जबलपुर	एम.ओ.यू. निष्पादित एवं भूमि प्राप्त
	योग	812.19					

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 14.08.2020 समय 09:00 से **दिनांक 29.08.2020 समय 18:00 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
जी-13094/44244/2020 लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. छिन्दवाड़ा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड छतरपुर

फोन : 07682-248252, Email : eephedcha@gmail.com and eephedcha@nic.in

नि.आ.सू.क्र. 24, 25 एवं 26/नि.प्र./का.यं./लो.स्वा.यां./खण्ड/2020-21 दिनांक : 06.08.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 31.08.2020 को सायं 5:30 बजे तक** डाउनलोड क्रय तथा निविदा दर ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती है। ठेकेदार केन्द्रीय पंजीकृत श्रेणी में पंजीकृत होना आवश्यक है, प्रत्येक कार्य की अवधि **नौ माह** (वर्षाकाल सहित) होगी। निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है :-

स. क्र.	निविदा आमंत्रण क्रमांक/दिनांक	ई-टेण्डर आई.डी. क्रमांक	ग्राम/ विकासखण्ड	कार्य की अनु. लागत (मूल्य रु. में)	अमानत राशि (मूल्य रु. में)	निविदा प्रपत्र का (मूल्य रु. में)
कार्य का नाम :- सर्वेक्षण अनुसंधान जल वितरण नलिकाओं का रूपांकन एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत रिट्रोफिट योजना का निर्माण जिसके अंतर्गत सफल स्रोत का निर्माण, विद्युत सबमर्सिबल पंपों की स्थापना, राइजिंग मेन व जल वितरण नलिकाओं को बिछाना, जोड़ना क्रियाशील घरेलू कनेक्शन का प्रदाय, पंप हाउस का निर्माण, विद्युत लाइन का निर्माण-90 दिवस का ट्रायल रन के साथ।						
1.	24/ 06.08.2020	2020_PHED_100451_1	कंदवारा, पाठापुरवा/ मंगलपुरवा (बिजावर) Group-1	6852000/-	68520/-	10,000/-
		2020_PHED_100452_1	नयागांव, रतनपुरा मामौन (बिजावर) Group-2	8421000/-	84210/-	10,000/-
2.	25/ 06.08.2020	2020_PHED_100471_1	रानीबाग, रामपुर कल्यानपुरा (गौरीहार) Group-1	9932000/-	99320/-	10,000/-
		2020_PHED_100472_1	चुकेहटा, इमलिया (गौरीहार) Group-2	6677000/-	66770/-	10,000/-
3.	26/ 06.08.2020	2020_PHED_100485_1	वैरगियापुखरी, चरईपुरवा, सिलगांव (लवकुशनगर) Group-1	8118000/-	81180/-	10,000/-

निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन ही Submit/Upload करने होंगे। निविदा का विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है। निविदा में संशोधन की स्थिति में उक्त वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना, शर्तें व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती हैं।

कार्यपालन यंत्री
जी-13159/44250/2020 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड छतरपुर, म.प्र.

कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, भोपाल मंडल, भोपाल
पुराना सचिवालय भोपाल

दूरभाष : 0755-2738774, E-Mail_ID : seresbhopal@mp.gov.in

निविदा विज्ञप्ति क्र. 02/2020-21

क्रमांक 976 दिनांक : 11.08.2020

मंडल अंतर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	ग्रायांसे संभागीय कार्यालय	सिस्टम टेण्डर नम्बर	कार्य का प्रकार	निर्माण कार्यों की अनुमानित लागत (लाख में)
01.	भोपाल	2020_RES_97182_1	वाल्मी परिसर के हॉस्टल और आवासीय भवन में सीवर लाईन तथा सेप्टिक टेंक निर्माण कार्य जिला भोपाल।	31.63
02.	रायसेन	2020_RES_96998_1	स्लेब कल्वर्ट निर्माण कार्य सीएमजीएसवाय रोड नीलगढ़ से धंधवानी चैनेज 485 मीटर, ग्राम धंधवानी, वि.खं. औवेदुल्लागंज, जिला रायसेन।	42.96
03.	रायसेन	2020_RES_96999_1	स्लेब कल्वर्ट निर्माण कार्य (5.0m X 4 span X 3.00 m) सीएमजीएसवाय रोड एनएच 12 से नीलगढ़ धंधवानी चैनेज 400 मीटर, ग्राम नीलगढ़, वि.ख. औवेदुल्लागंज, जिला रायसेन।	43.29
04.	रायसेन	2020_RES_97000_1	पुल निर्माण कार्य (मुख्य मार्ग से छेनाकछार रोड पर) ग्राम छेनाकछार, वि.ख. वाड़ी, जिला रायसेन।	47.72
05.	रायसेन	2020_RES_97001_1	स्लेब कल्वर्ट निर्माण कार्य (5.0m X 4 span X 3.00 m) पुल बरजोरपुर से कढ़ैया मार्ग पर, ग्राम कढ़ैया, वि.ख. सांची, जिला रायसेन।	73.99
06.	रायसेन	2020_RES_97002_1	स्लेब कल्वर्ट निर्माण कार्य (6.0m X 3 span X 4.00 m) बम्होरी देवरी रोड से बड़गांव मार्ग पर खाण्ड नदी पर चैनेज क्र. 900 मीटर ग्राम बडगवांकलां, वि.ख. उदयपुरा, जिला रायसेन।	67.44
07.	रायसेन	2020_RES_97181_1	अजीविका भवन निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण जनपद पंचायत बेगमगंज।	38.16
08.	सीहोर	2020_RES_100443_1	सी.सी. रोड निर्माण कार्य ग्राम व ग्राम पंचायत निमोटा, विकासखण्ड नसरुल्लागंज।	26.33
09.	विदिशा	2020_RES_97184_1	स्लेब कल्वर्ट निर्माण पीएमजीएसवाय रोड से बेहलोट मार्ग पर चै.क्र. 600 मीटर ग्राम पंचायत किरमची बंधेरा जनपद पंचायत विदिशा।	43.44

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट), वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाइन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय प्रारंभ करने की तिथि 19.08.2020 समय 18:00 बजे है। निविदा (बिड) प्रपत्र प्रस्तुत करने का अंतिम **दिनांक 31.08.2020 समय 17:00 बजे तक** है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है एवं कार्यालय में संपर्क कर भी प्राप्त की जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएं केवल वेबसाइट पर दी जावेंगी। पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
जी-13167/44252/2020 भोपाल मण्डल भोपाल

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, इन्दौर परिक्षेत्र, इंदौर

फोन : 0731-2541498, फैक्स : 0731-2536575

(Email ID : cephedind@nic.in & cephedind@gmail.com)

निविदा सूचना क्रमांक-09/2020-21

इन्दौर परिक्षेत्र के अंतर्गत धार जिले के सरदारपुर खण्ड की नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन कार्य हेतु निम्नानुसार निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-टेण्डर पोर्टल (**http://www.mptenders.gov.in/nicgep/app**) पर निविदा प्रपत्र 'अपेन्डिक्स-2.10' प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम-टेंडर क्रमांक	जिले/खण्ड का नाम	विकासखण्ड	ग्राम का नाम	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	धरोहर राशि रु.
1.	2020_PHED_101729_1	Sardarpur	Kukshi	Awali	147.81	147810.00
2.	2020_PHED_101742_1	Sardarpur	Gandhwani	Baktla	112.26	112260.00
3.	2020_PHED_101753_1	Sardarpur	Bagh	Badkacha	140.10	140100.00
4.	2020_PHED_101765_1	Sardarpur	Kukshi	Doi	127.51	127510.00
5.	2020_PHED_101773_1	Sardarpur	Nisarpur	Bheslai	100.74	100740.00
6.	2020_PHED_101775_1	Sardarpur	Gandhwani	Khedibujurg	103.76	103760.00
7.	2020_PHED_101777_1	Sardarpur	Gandhwani	Mohanpura	116.41	116410.00
8.	2020_PHED_101780_1	Sardarpur	Kukshi	Talawadi	132.36	132360.00
9.	2020_PHED_101782_1	Sardarpur	Dahi	Umrali	106.15	106150.00

नोट :-
1. निविदा के अन्य विवरण की विस्तृत जानकारी **http://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।
2. उपरोक्त निविदाओं की ऑनलाइन निविदा दर डालने की अंतिम **तिथि 29.08.2020 दोपहर 5:30 बजे तक** निर्धारित है।
3. उपरोक्त निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधनों को समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा। उक्त संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

अधीक्षण यंत्री (प्रोक्योरमेंट)
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
जी-13160/44251/2020 इंदौर परिक्षेत्र, इंदौर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रीवा खण्ड मऊगंज, जिला रीवा (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र.04/20-21/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./20, मऊगंज, दिनांक : 10.08.2020

ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ऑनलाइन टेण्डर प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

ऑनलाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 13.08.2020 डॉक्यूमेंट डाउनलोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि 13.08.2020, टेण्डर फार्म क्रय की **अंतिम तिथि 27.08.2020**, बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक 13.08.2020 एवं बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 27.08.2020 को सायं 5:30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' & Financial bid Open का दिनांक 29.08.2020 को अपरान्ह 3:30 बजे निर्धारित है।

(1) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाइट (**http//www.mptenders.gov.in**) पर प्रदर्शित है।
(3) निविदाएं निर्धारित तिथि दिनांक 29.08.2020 को खोली जावेंगी।
(4) कार्य का विवरण :- रीवा जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज के अंतर्गत विकासखण्ड त्यौंथर एवं नईगढ़ी के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ट्यूबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, सबमर्सिबल मोटर पंप की स्थापना, विद्युत पावर कनेक्शन, घरेलू नल कनेक्शन एवं मिनी पम्प हाऊस का निर्माण कार्य तथा 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि कार्य।

ई-टेण्डर नं.	योजना का नाम	विकासखण्ड	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	प्रतिभूति राशि रु. में	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2020_PHED_101245_1	चन्दपुर, रेही, अमिलिया एवं लखबार	त्यौंथर	95.11	95110.00	10000/-	06 माह (वर्षाऋतु सहित)
2020_PHED_101247_1	बधवाकोठार, पिपरा एवं सुमेदाकला	नईगढ़ी	90.24	90240.00	10000/-	06 माह (वर्षाऋतु सहित)

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट (**http//www.mptenders.gov.in**) पर प्रदर्शित है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जी-13169/44254/2020 मऊगंज, जिला रीवा (म.प्र.)

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

भदभदा रोड, भोपाल

क्रमांक : 1165/मप्रपुआअविनि/2020 भोपाल, दिनांक : 20.08.2020

प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम में प्रतिनियुक्ति एवं बाह्य सेवा संवर्ग के अंतर्गत रिक्त वित्तीय सलाहकार/मुख्य लेखाधिकारी के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु अधिवार्षिकी आयु पर सेवा निवृत्त ऐसे अधिकारियों, जिन्होंने समकक्ष पद पर कम से कम 05 वर्ष की सेवा के दायित्वों का निर्वहन किसी निर्माण विभाग या निगम मण्डल में निष्ठापूर्वक सम्पादित किया हो, **दिनांक 03.09.2020 तक** आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

रिक्त संविदा पद की अर्हता, अनिवार्य एवं सामान्य शर्तें, आवेदन पत्र का प्रारूप कॉर्पोरेशन की वेबसाइट **www.policehousing.mp.gov.in** पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/98225/44264/2020 **प्रबंध संचालक**

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड

तकनीकी संभाग, खरगोन

क्र./बोर्ड/तक.स./निविदा/2020-21/444 खरगोन, दिनांक 17.08.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2020_MPSAM_102079 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 08.09.2020 को शाम 5:30 बजे तक एवं भौतिक रूप से दिनांक 10.09.2020 को शाम 5:30 बजे तक जरिए स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से (वित्तीय ऑफर को छोड़कर) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट :- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/98201/44261/2020 **कार्यपालन यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02, मकान नं. सी-31, कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा, सचिन तेन्दुलकर रोड, सिटी सेंटर, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना- 08, 09, 10/2020-21

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र-2 द्वारा निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 08, 09, 10/2020-21 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. MPPHC_102193_1, MPPHC_102194_1, MPPHC_102195_1, MPPHC_102197_1, MPPHC_102198_1, MPPHC_102199_1, MPPHC_102201_1, MPPHC_102202_1, MPPHC_102204_1, MPPHC_102205_1, MPPHC_102206_1, MPPHC_102207_1, MPPHC_102209_1 एवं MPPHC_102211_1 हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 28.08.2020 तक** खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। म.प्र. माध्यम/98205/44262/2020

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ग्वालियर संभाग क्र. 02
मकान नं. सी-31, कुलपति निवास के सामने, गोविन्दपुरी चौराहा
सचिन तेन्दुलकर रोड, सिटी सेंटर, ग्वालियर पिन-474011

निविदा आमंत्रण सूचना- 12/2020-21

कार्यालय मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग, ग्वालियर क्र. 2 द्वारा निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 12/2020-21 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदा की कार्यवाही की गई है। जिसके ऑनलाइन निविदा क्र. **MPPHC_102967_1, MPPHC_102968_1, MPPHC_102969_1, MPPHC_102970_1, MPPHC_102971_1, MPPHC_102974_1, MPPHC_102975_1, MPPHC_102977_1, MPPHC_102978_1,** एवं **MPPHC_102979_1,** है। निविदा प्रपत्र दिनांक 05.09.2020 तक खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/98250/44267/2020 **परियोजना यंत्री**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
REGIONAL OFFICE, INDORE
101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, INDORE-01 (M.P.), Ph. : (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311
Fax : 0731-2972629, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in
Website : www.invest.mp.gov.in, CIN : U51102MP1977SGC001392

क्र./एमपीआईडीसी/आरओ/इंदौर/तक/2020/10841 दिनांक : 19.08.2020

निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

एमपीआईडीसी क्षेत्रीय कार्यालय इंदौर में आउटसोर्सिंग के तहत विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों/अधिकारियों/इंजीनियरों की सेवाओं हेतु मेनपॉवर कांट्रेक्टर/एजेंसी के माध्यम से लिए जाने हेतु मुहरबंद निविदा, आयटम दर पर, तीन लिफाफा पद्धति (Envelope A, B & C) से **दिनांक 05.09.2020 अपरान्ह 4 बजे तक** निगम कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये 14750/- एवं धरोहर राशि रुपये 102000/- है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 04.09.2020 अपरान्ह 5.30 तक** क्रय किया जा सकता है।

निविदा की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

म.प्र. माध्यम/98219/44263/2020 **अधीक्षण यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-02
डी-16, कचनार सिटी, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.) 482002
Email : mpphcjabalpur2@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-02 के अंतर्गत सिविल अस्पताल सिहोरा जिला जबलपुर में 2एफ, 2जी, 2एच टाईप आवासगृहों का निर्माण कार्य हेतु (ऑनलाइन निविदा क्रं. 2020_MPPHC_102192) निविदा क्रमांक 09/2020-21 31.08.2020 तक खरीद कर सायं 18.00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। एवं निविदा क्रमांक 10/2020-21 निर्माण कार्य पुलिस चौकी केशवाही, जिला-शहडोल एवं एफ.आई.आर. दर्ज करवाने के लिए महिला डेस्क कक्ष का निर्माण कार्य थाना केशवाही जिला शहडोल, एफ.आई.आर. दर्ज करवाने के लिए अपूर्ण महिला डेस्क कक्ष का निर्माण कार्य थाना बुढ़ार, थाना जैतपुर, थाना दर्शिला जिला शहडोल हेतु (ऑनलाइन निविदा क्रं. 2020_MPPHC_102210, 2020_MPPHC_102196, 2020_MPPHC_102203) 04.09.2020 तक खरीद कर सायं 18.00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। एवं निविदा क्रमांक 11/2020-21 निर्माण कार्य ट्राफिक थाना भवन डिण्डौरी, जिला-डिण्डौरी एवं निर्माण कार्य अर्द्धशहरी थाना भवन इंदवार, जिला- उमरिया में निर्माण कार्य हेतु (ऑनलाइन निविदा क्र. 2020_MPPHC_102215, 2020_MPPHC_102212) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 04.09.2020 तक खरीद कर सायं 18.00 बजे तक सबमिट किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/98242/44266/2020 **परियोजना यंत्री**

DEVI AHILYA VISHWAVIDYALAYA, INDORE

(NAAC Accredited "A+" Grade)
ADMISSION NOTICE - Common Admission Procedure (CAP) 2020
for Programs covered under CET

Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore announces schedule of its Common Admission Procedure (CAP)-2020 (programes covered under CET) for admission in the following UG and PG programs being offered at its University Teaching Departments for the session 2020-21 :

Programs After Graduation :

Group-A M.B.A. (Financial Administration/Marketing Management/Tourism/HR/Advertising & Public Relations/Entrepreneurship/Business Economics/International Business/ Financial Services/e-Commerce/Foreign Trade/Computer Management/Business Analytics/Hospital Administration/Disaster Management/Public Administration and Policy/Rural Development/Media Management) M.A. (Journalism & Mass Communication)

Programs After 10+2 :

Group-B M.B.A. (Management Science)-5Yrs./M.B.A. (Tourism)-5Yrs./M.B.A. (e-Commerce)-5Yrs./B.Com. (Hons.)-3Yrs./M.B.A. (Foreign Trade)-5 Yrs./B.Com. (Accounting & Tax Management)/B.A. LL.B. (Hons.)-5Yrs./B.A. (Hons. Economics)/ M.Sc. (Electronic Media)-5Yrs./B.A. Journalism & Mass Communication

Group-C M.C.A.- 5Yrs./M. Tech. (IT)-5Yrs./B.Pharm.-4Yrs./M.B.A. (Hospital Administration)– 5Yrs./M. Tech. (Electronics Spl. Embedded Systems) 5 Yrs./M. Tech. (IoT) 5 Yrs./ M. Tech. (Energy Management) 5 Yrs./M. Tech. (AI & Data Science) 5 Yrs.

Apply online only through **davv.mponline.gov.in.** A candidate has to indicate the choice of group as per eligibility and can opt for more than one group within UG programs. The application fee is Rs. 1500/- (Non-refundable) + Rs. 50 portal charges. The application fee can be paid through Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI etc.

Last date of online submission of application form is **'13th Sept., 2020'**. The details of eligibility, procedure for filling the application form, number of seats, fee structure, etc. are available on our website **www.dauniv.ac.in.**

M.P. Madhyam/98247/44268/2020 **REGISTRAR**

म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन)
खण्ड-2, पंचम तल, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

क्र. 11762/वि-12/प्रशा./म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा./5-239/2020 भोपाल, दिनांक 21.08.2020

विज्ञप्ति

प्राधिकरण मुख्यालय भोपाल एवं जिले की इकाईयों हेतु विज्ञप्ति क्र. 6310 दिनांक 04.06.2020 द्वारा विभिन्न पदों पर प्रतिनियुक्ति एवं सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा आधार पर, चयन हेतु अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए गए थे, जिसमें पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.06.2020 तदुपरांत दिनांक 21.07.2020 निर्धारित की गई थी। कोविड-19 एवं लॉक-डाउन के कारण डाक एवं संचार व्यवस्थाएं सुचारू रूप से न चलने के कारण उक्त विज्ञप्ति के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की **अन्तिम दिनांक 31.08.2020 सायं 5.30 बजे तक** निर्धारित की जाती है।

आवेदन पत्र प्रशासन शाखा के ई-मेल **gmamprrda@gmail.com** पर भी प्रेषित किए जा सकेंगे। प्राधिकरण के अन्य किसी शाखा के ई-मेल पर प्राप्त आवेदन मान्य नहीं किए जावेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने इस विज्ञप्ति के संदर्भ में पूर्व में विभिन्न पदों हेतु आवेदन किया है उन्हें पृथक से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है, उनके पूर्व के आवेदन पत्र जो दिनांक 31.08.2020 तक सायं 5.30 बजे तक प्राप्त हो जायेंगे वे मान्य होंगे। नये अभ्यर्थी भी अंतिम तिथि तक आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। इस संशोधित अंतिम तिथि (31.08.2020, सायं 5.30 बजे तक) के पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र के प्रारूप आदि प्राधिकरण वेबसाइट **www.mprrda.com/default.html** पर उपलब्ध है।

क्र. 11761 दिनांक 21.08.2020

म.प्र. माध्यम/98254/44269/2020 **मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन)**

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

नैक द्वारा A+ ग्रेड प्रत्ययित

प्रवेश अधिसूचना 2020-21

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर के विभिन्न विभाग में डिप्लोमा, स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए प्रवेश हेतु जानकारी अधिसूचित की जाती है।

डिप्लोमा पाठ्यक्रम 10+2 के पश्चात : फिटनेस न्यूट्रीशन

व्यावसायिक पाठ्यक्रम 10+2 के पश्चात : B.Voc. (खादी एवं हथकरघा)

व्यावसायिक पाठ्यक्रम स्नातक के पश्चात : M.Voc. (फैशन टेक्नोलॉजी, लैंडस्केप डिजाइन, न्यूट्रीशन एवं डायटेटिक्स).

आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 सितम्बर, 2020 है।

अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम का इंतजार कर रहे अभ्यार्थी पूर्वार्द्ध वर्ष/अन्तिम से पूर्व के सेमेस्टर तक के परिणाम के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश पूर्णतया मेरिट के आधार पर होगा। प्रवेश संबंधी पात्रता, उपलब्ध सीटें, शुल्क संरचना एवं अन्य जानकारियां वेबसाइट **www.dauniv.ac.in** पर उपलब्ध हैं। प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र शुल्क रु. 750 (अ.ज.जा./अ.जा.- मध्यप्रदेश के मूल निवासी अभ्यार्थियों हेतु शुल्क रु. 400/-) है।

उपरोक्त सभी पाठ्यक्रमों हेतु ऑनलाइन आवेदन एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से वेबसाइट **https://davv.mponline.gov.in** पर आवेदन पत्र की फीस जमा कर किया जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/98257/44270/2020 **कुलसचिव**

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शासकीय सेवाओं में...

प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में हितग्राहियों को लाभ दिलवाने, अनुसूचित जनजाति वर्ग को वनाधिकार पट्टे प्रदान किए जाने, प्रदेश के 89 आदिवासी बाहुल्य विकासखंड में बिना लायसेंसधारी साहूकारों द्वारा दिए गए ऋण के चंगुल से आदिवासियों को मुक्त करवाने, बैगा, सहरिया, भारिया जनजाति के कल्याण, घुमक्कड़ तथा अर्द्ध घुमक्कड़ जातियों के विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण, सामान्य वर्ग के हित में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन में 2023 तक 1 करोड़ से अधिक नल कनेक्शन, मेधावी छात्रों को लैपटॉप प्रदान किए जाने, प्रदेश में सौर ऊर्जा विकास, अटल (चंबल) प्रोग्रेस-वे और नर्मदा एक्सप्रेस-वे के विकास, रेडीमेड वस्त्र उद्योग के प्रोत्साहन, लघु और सूक्ष्म औद्योगिक इकाइयों की स्थापना, नवीन उद्योगों के लिए 'स्टार्ट योर बिजनेस इन धर्टी डेज' का क्रियान्वयन शामिल है।

वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का ग्वालियर में लोकार्पण

ग्वालियर, वीरता की प्रतिमूर्ति वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी ने एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर 1857 के भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में वीरता से लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। ऐसी वीरांगना का सभी को अनुकरण करना चाहिए। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह बात ग्वालियर के मल्लगढ़ा तिराहे पर वीरांगना अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा के लोकार्पण के दौरान कही। श्री तोमर और सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने प्रतिमा का अनावरण किया।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि वीरांगना की प्रतिमा ग्वालियर के सांसद एवं तत्कालीन महापौर श्री विवेक नारायण शेजवलकर के व्यक्तिगत प्रयासों के कारण ही स्थापित हो सकी है। उन्होंने कहा कि वीरांगना की जयंती पर उनकी प्रतिमा का लोकार्पण कर, मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि नगर निगम ग्वालियर द्वारा अब शीघ्र ही इस तिराहे का सौंदर्यीकरण किया जाए, जिससे इस चौराहे से शहर में प्रवेश करने वाले नागरिकों के लिए यह तिराहा आकर्षण का केंद्र बने।

बारहवीं कक्षा की मेरिट में जीवविज्ञान संकाय में प्रदेशभर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अनुष्का गुप्ता का साक्षात्कार

दृढ़ निश्चय एवं कड़ी मेहनत है सफलता की सीढ़ी

दृढ़ निश्चय एवं कड़ी मेहनत ही सफलता की सीढ़ी है। अगर आपके प्रयासों में यह गुण शामिल हैं तो आपको कामयाब होने से कोई नहीं रोक सकता। शिवपुरी जिले की होनहार छात्रा अनुष्का गुप्ता ने 12वीं कक्षा की मेरिट लिस्ट में जीवविज्ञान संकाय में संपूर्ण प्रदेश में प्रथम आकर यही सिद्ध किया है। अनुष्का ने दसवीं कक्षा में ही सोच लिया था कि वे बारहवीं कक्षा की स्टेट मेरिट में स्थान बनाएंगी। उन्होंने जो सोचा वह अपनी मेहनत से कर भी दिखाया। "रोज़गार और निर्माण" के इस अंक में प्रस्तुत हैं 12वीं जीवविज्ञान संकाय टॉपर अनुष्का गुप्ता से साक्षात्कार के मुख्य अंश...

प्रश्न- आपने इस परीक्षा के लिए कौन-सी किताबें पढ़ीं।

उत्तर- मैंने परीक्षा के लिए अपना आधार मजबूत करने के लिए मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम और एनसीईआरटी की पुस्तकें पढ़ीं थीं। इसके साथ ही विषय पर उपलब्ध अन्य स्तरीय सामग्री का विभिन्न पुस्तकों से अध्ययन किया।

प्रश्न- आपकी पारिवारिक पृष्ठभूमि क्या है।

उत्तर- मैं सामान्य मध्यम वर्गीय परिवार से हूं। मेरा परिवार संयुक्त परिवार का एक आदर्श उदाहरण है। मेरे दादाजी डॉ. केदारीलाल गुप्ता, पिताजी डॉ. वीरेन्द्र कुमार गुप्ता एवं चाचाजी डॉ. राजकुमार गुप्ता तीनों ही चिकित्सा क्षेत्र में होकर रोगियों का इलाज करते हैं। मेरी मां श्रीमती वंदना गुप्ता गृहिणी हैं। वे हम सबका निरंतर ख्याल रखती हैं। इस मुकाम तक पहुंचने में मेरे परिवार का अमूल्य योगदान है।

प्रश्न- इस परीक्षा की प्राबीण्य सूची में आने के लिए आपको मोटीवेशन कहां से मिला।

उत्तर- किसी भी काम को करने के लिए स्वप्रेरणा सबसे ज्यादा जरूरी होती है। मुझे दसवीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे, लेकिन तब मेरा नाम प्रदेश की मेरिट लिस्ट में नहीं आया था इसलिए तब मैंने दृढ़ निश्चय किया था कि मैं दुगुनी मेहनत करके 12वीं में प्रदेश की मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराऊंगी।

प्रश्न- आप प्रत्येक दिन कितना समय पढ़ाई के लिए देती थीं।

उत्तर- मैं प्रतिदिन सुबह स्कूल जाती थी फिर मेरी दोपहर में कोचिंग होती थी। इसके अलावा मैं स्वअध्ययन के लिए रोज 4 से 6 घंटे का समय अवश्य देती थी।

प्रश्न- परीक्षा की रणनीति कैसे तैयार की।

उत्तर- किसी भी परीक्षा के लिए समय प्रबंधन सबसे बड़ी रणनीति है। एक बार टाइम टेबिल तय करने के बाद मैंने उसका सफल क्रियान्वयन करने के लिए गंभीरता से कड़ी मेहनत की। जो पढ़ा उसे लगातार याद किया। अपने सिलेबस को परीक्षाओं से काफी पहले खत्म करते हुए लगातार दोहराया और पुराने प्रश्न पत्र हल किए। परीक्षा के लिए खुद को काफी पहले से तैयार किया और अंत में परीक्षा में सही उत्तर लिखते हुए अपनी रणनीति को सफल किया। मेरी सफलता इन्हीं प्रयासों की देन है।

प्रश्न- आपने किस विषय को सबसे ज्यादा समय दिया।

उत्तर- वैसे तो मैंने सभी विषयों को बराबर समय दिया, लेकिन फिजिक्स की कुछ अतिरिक्त तैयारी की। मैं फिजिक्स को बार-बार दोहराती रहती थी जिससे तैयारी ठोस होती गई।

प्रश्न- आपने अपने नोट्स कैसे तैयार किए।

उत्तर- मैं नियमित स्कूल जाती थी, जिससे स्कूल में कक्षाओं के नोट्स तैयार होते गए। इसके साथ ही मैं अध्ययन के साथ अपने नोट्स टॉपिक अनुसार तैयार करती थी जिससे मुझे तैयारी में आसानी रही।

प्रश्न- आप कठिन और अक्सर भूल जाने वाले तथ्यों को कैसे याद करती थीं।

उत्तर- जिस भी टॉपिक में मुझे परेशानी आती थी उसको मैं बार-बार पढ़ती थी और उसे याद करती थी। इससे भूलने वाले टॉपिक भी मुझे अच्छी तरह से याद होते चले गए।

प्रश्न- आप भविष्य में क्या करना चाहती हैं।

उत्तर- अब मैं नीट की तैयारी करके मेडिकल क्षेत्र में जाना चाहती हूं। मेडिकल में डिग्री के बाद मेरा आगामी लक्ष्य सिविल सर्विस में जाना है। मैं एक आईएएस बनकर देश एवं समाज की भलाई के लिए काम करने वाले प्रशासनिक तंत्र का हिस्सा बनना चाहती हूं।

प्रश्न- "रोज़गार और निर्माण" के पाठकों को आप क्या संदेश देना चाहेंगी।

उत्तर- मैं सभी छात्र-छात्राओं को आगे के लिए शुभकामनाएं देना चाहती हूं। इस अवसर पर मेरा सभी से कहना है कि मेरी सफलता में निरंतरता एवं नियमितता का बड़ा योगदान है। आप सब भी समय प्रबंधन का सूत्र अपनाते हुए नियमित अध्ययन करें। ईश्वर कृपा से आपको कामयावी अवश्य मिलेगी।

- विवेक पाठक
(साक्षात्कारकर्ता, स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. इनमें से किस खेल में पुटिंग टर्म का उपयोग होता है।
(अ) गोल्फ (ब) आइस हॉकी
(स) टेबल टेनिस (द) स्नूकर

2. टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं।
(अ) क्रिस गेल (ब) डेविड वॉर्नर
(स) इयॉन मॉर्गन (द) रोहित शर्मा

3. इनमें से कौन-सा खेल चीन का राष्ट्रीय खेल है।
(अ) वुशु (ब) बैडमिंटन
(स) टेबल टेनिस (द) नौकायन

4. वर्ष 2019 में यूईएफए यूरोपा लीग की विजेता है।
(अ) विलारियल
(ब) बायर्न म्युनिख
(स) आर्सेनल
(द) चेल्सी

5. जीतू राय किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।
(अ) निशानेबाजी
(ब) तलवारबाजी
(स) तीरंदाजी
(द) कबड्डी

6. इनमें से किस भारतीय खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में लगातार चार पारियों में शतक बनाए हैं।
(अ) विराट कोहली
(ब) वीवीएस लक्ष्मण
(स) राहुल द्रविड़
(द) सुनील गावस्कर

7. इनमें से कौन-सा खिलाड़ी भारत के लिए गोल्फ खेल चुका है।
(अ) गगन नारंग
(ब) अनिर्बान लाहिड़ी
(स) शिव थापा
(द) इनमें से कोई नहीं

8. कबड्डी खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं।
(अ) पांच (ब) छह
(स) सात (द) दस

9. इनमें से किस खिलाड़ी के नाम भारत के लिए सबसे तेज वन-डे शतक बनाने का रिकॉर्ड है।
(अ) विराट कोहली
(ब) मोहम्मद अजहरूद्दीन
(स) वीरेन्द्र सहवाग
(द) सुरेश रैना

10. वर्ष 2019 में सैयद मोदी इंटरनेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला वर्ग में चैम्पियन बनी थीं।
(अ) साइना नेहवाल
(ब) सुंग जी ह्यून
(स) रत्नाचोक इंतानोन
(द) कैरोलीना मारिन

11. इनमें से किस खिलाड़ी के नाम बतौर कप्तान सबसे ज्यादा टेस्ट मैच खेलने का रिकॉर्ड है।
(अ) रिकी पोंटिंग
(ब) अर्जुन रणतुंगा
(स) ग्रीम स्मिथ
(द) महेन्द्र सिंह धोनी

12. इनमें से किस बल्लेबाज ने विदेशी मैदान पर भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में पहला दोहरा शतक बनाया है।
(अ) लाला अमरनाथ
(ब) दिलीप सरदेसाई
(स) दिलीप वेंगसरकर
(द) सुनील गावस्कर

13. स्टार फुटबॉलर पाउलो डायबाला किस देश का प्रतिनिधित्व करते हैं।
(अ) ब्राजील
(ब) अर्जेंटीना
(स) कोलंबिया
(द) मैक्सिको

14. एफआईएच प्रो लीग का पहला संस्करण किस देश ने जीता है।
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) अर्जेंटीना
(स) ब्रिटेन
(द) बेल्जियम

15. इनमें से किस गेंदबाज ने टेस्ट क्रिकेट में 500 या इससे ज्यादा विकेट नहीं लिए हैं।
(अ) अनिल कुंबले
(ब) कर्टनी वाल्श
(स) ग्लैन मैक्ग्राथ
(द) शॉन पोलक

16. जापानी एथलीट मिजुकी नोगुची एथेलेटिक्स की किस स्पर्धा से संबंधित हैं।
(अ) ट्रिपल जंप
(ब) मैराथन दौड़
(स) गोला फेंक
(द) 400 मीटर दौड़

17. फॉर्मूला वन कार रेसर मैक्स वर्स्टापेन किस देश के नागरिक हैं।
(अ) स्विट्जरलैंड
(ब) नीदरलैंड्स
(स) बेल्जियम
(द) जर्मनी

18. वर्ष 2017 में आईसीसी बूमेन क्रिकेट वर्ल्डकप का खिताव किस देश ने जीता है।
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) इंग्लैंड
(स) वेस्टइंडीज
(द) भारत

19. ओलिंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करती हैं।
(अ) कुश्ती
(ब) बॉक्सिंग
(स) निशानेबाजी
(द) बैडमिंटन

20. इनमें से कौन-सा विदेशी खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट टीम का कोच नहीं रहा है।
(अ) ग्रेग चैपल
(ब) डंकन फ्लैचर
(स) जॉन बुकानन
(द) जॉन राइट

21. निम्नलिखित में से कौन-सा टूर्नामेंट हॉकी से संबंधित नहीं है।
(अ) बेटन कप
(ब) मुरूगप्पा गोल्ड कप
(स) औबेदुल्ला खां गोल्ड कप
(द) सुदीरमन कप

22. वर्ष 2017 में फीफा अंडर-17 वर्ल्डकप किस देश में आयोजित किया गया था।
(अ) चिली (ब) रूस
(स) भारत (द) कतर

23. वर्ल्ड एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप-2019 में सबसे ज्यादा पदक किस देश ने जीते हैं।
(अ) अमेरिका (ब) चीन
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) जमैका

24. भारतीय टेनिस स्टार लिएंडर पेस के नाम डेविस कप में कितने युगल मैच जीतने का रिकॉर्ड है।
(अ) 40 (ब) 44
(स) 46 (द) 48

25. भारतीय हॉकी टीम ने अब तक कितने बार एफआईएच हॉकी वर्ल्डकप जीता है।
(अ) एक (ब) तीन
(स) चार
(द) एक बार भी नहीं

उत्तर

1. (अ), 2. (द), 3. (स), 4. (द), 5. (अ), 6. (स), 7. (ब), 8. (स), 9. (अ), 10. (द), 11. (स), 12. (ब), 13. (ब), 14. (अ), 15. (द), 16. (ब), 17. (स), 18. (ब), 19. (अ), 20. (स), 21. (द), 22. (स), 23. (अ), 24. (ब), 25. (अ)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता
(लेखक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग परियोजना क्रियान्वयन इकाई सिंगरौली (म.प्र.)

Email : piusingrauli@gmail.com, Ph. No. : 07805-297421

एनआईटी नं.-20/2020/केन्द्रीयकृत निविदा/एपीडी/पी.आई.यू./3710 **रीवा, दिनांक : 07.08.2020**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स.क्र. एवं कार्य का नाम :- जिला सिंगरौली अंतर्गत 18 नवीन न्यायालय कक्षों वाले नवीन न्यायालय भवन वैढ़न का निर्माण कार्य वाटरसप्लाई सेनेटरी फिटिंग और इलेक्ट्रिफिकेशन सहित कार्य (प्रथम आमंत्रण)

टेंडर पोर्टल नं.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएससी) लाख में	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2020_PWPIU_101347_1	सिंगरौली	2107.82	1053910.00	50000/-	24

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 10.08.2020 समय 11:00 से **दिनांक 24.08.2020 समय 18.00 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री, लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.)
सिंगरौली (म.प्र.)

जी-13247/44271/2020

खेलचर्चा

पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर एक सितंबर से होगा शुरू

नई दिल्ली, भारत के पुरुष और महिला पहलवानों का राष्ट्रीय शिविर एक सितंबर से शुरू होगा। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने महिला पहलवानों के शिविर की आधिकारिक पुष्टि की, वहीं भारतीय कुश्ती महासंघ से जुड़े सूत्रों के अनुसार, महिला पहलवानों की तरह पुरुष पहलवानों का शिविर भी एक सितंबर से शुरू होगा। ये शिविर सोनीपत और लखनऊ में लगेंगे। इस शिविर में टोक्यो ओलिंपिक के लिये क्वालिफाई कर चुके पहलवान तथा क्वालिफाई करने के संभावित पहलवान हिस्सा लेंगे।

लुईस हैमिल्टन ने जीती स्पेनिश ग्रांप्री

बार्सिलोना, ब्रिटिश ड्राइवर लुईस हैमिल्टन का फॉर्मूला-वन में शानदार सफर जारी है। हैमिल्टन ने स्पेनिश ग्रांप्री फार्मूला-वन रेस अपने नाम की है। हैमिल्टन ने लगातार चौथी तथा कुल पांचवीं बार यह रेस जीती है। इससे पहले हैमिल्टन ने वर्ष 2014, 2017, 2018 और 2019 में स्पेनिश ग्रांप्री पर कब्जा जमाया था। हैमिल्टन ने इस बार 66 लैप की यह रेस 1 घंटा 31 मिनट 45.279 सेकेंड में पूरी की।

बार्सिलोना ने कोच सैटिन को किया बर्खास्त

बार्सिलोना, स्पेन के फुटबॉल क्लब बार्सिलोना ने टीम के कोच सैटिन को बर्खास्त किया है। क्लब ने यह फैसला बायर्न म्यूनिख के खिलाफ चैंपियंस लीग मुकाबले में मिली हार के बाद लिया है। सैटिन की जगह रोनाल्ड कोएमैन टीम के कोच बनाये गये हैं। कोएमैन बार्सिलोना के लिये खेल चुके हैं। कोएमैन अभी नीदरलैंड्स की राष्ट्रीय टीम के कोच हैं। सैटिन जनवरी 2020 में बार्सिलोना के कोच नियुक्त किये गये थे।

पूर्व भारतीय गोलकीपर भास्कर मैती का निधन

मुंबई, भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व गोलकीपर भास्कर मैती का मस्तिष्क रक्त स्राव के कारण निधन हो गया है। वे 67 वर्ष के थे। मैती ने वर्ष 1978 में बैंकॉक में आयोजित एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। मैती वर्ष 1975 से 1979 तक संतोष ट्रॉफी में महाराष्ट्र से खेल चुके हैं। फुटबॉल से संन्यास लेने के बाद मैती ने फुटबॉल कोच के रूप में भी काम किया है।

धोनी और रैना ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और विश्व के बेहतरीन बल्लेबाजों में शुमार महेन्द्र सिंह धोनी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। धोनी ने सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा की। धोनी के संन्यास लेने के कुछ समय बाद सुरेश रैना ने भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। धोनी और रैना ने भारत के लिये कई मैच एक साथ खेले हैं, दोनों आईपीएल की टीम चेन्नई सुपर किंग्स में भी खेलते हैं।

आईसीसी के सभी टूर्नामेंट जीते

महेन्द्र सिंह धोनी की गिनती विश्व के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में की जाती है। धोनी ने बल्लेबाजी और विकेट कीपिंग के साथ-साथ कप्तानी में भी कई रिकॉर्ड अपने नाम किये हैं। धोनी आईसीसीसी के सभी टूर्नामेंट जीतने वाले विश्व के एकमात्र कप्तान हैं। धोनी की कप्तानी में भारत ने वर्ष 2007 में ट्वेंटी-20 विश्व कप, वर्ष 2011 में वन-डे विश्व कप और वर्ष 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जैसे आईसीसी टूर्नामेंट जीते हैं, इसके अलावा भारत ने वर्ष 2010 और 2016 में एशिया कप का खिताब भी धोनी की कप्तानी में ही जीता है। टेस्ट क्रिकेट में भी धोनी का शानदार रिकॉर्ड रहा है। धोनी की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम ने टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है।

भारत के सफलतम कप्तानों में शुमार

धोनी भारत के सबसे सफल कप्तानों में शामिल हैं। धोनी ने 60 टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी की है। इनमें 27 मैचों में जीत, 18 मैचों में हार मिली तथा 15 मैच ड्रॉ रहे हैं। धोनी 200 वन-डे मैचों में भारत के कप्तान रहे हैं। इनमें से 110 मैच भारत ने जीते हैं। इसके अलावा धोनी 72 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में भी कप्तानी कर चुके हैं, जो कि एक विश्व रिकॉर्ड है। इनमें से 41 मैचों में भारत को जीत, 28 में हार, एक टाई तथा 2 मैच ड्रॉ रहे हैं।

रन आउट से शुरू, रन आउट पर ही खत्म हुआ कॅरियर

धोनी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आगाज वर्ष 2004 में बांग्लादेश के खिलाफ वन-डे मैच से किया था। इस मैच में धोनी शून्य पर रन आउट हुये थे। ये भी इत्तेफाक है कि धोनी अपने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच में भी रन आउट हुए हैं। धोनी ने अपना आखिरी मैच पिछले वर्ष विश्वकप के दौरान न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में खेला था। इस मैच में धोनी 50 रन बनाकर रनआउट हो गये थे। धोनी के आउट होने के बाद भारत मैच हार गया था। इसके बाद से ही धोनी ने क्रिकेट से लंबा ब्रेक लिया था। क्रिकेट जगत में उम्मीद की जा रही थी कि धोनी ट्वेंटी-20 विश्वकप में खेलने के बाद संन्यास लेंगे, लेकिन धोनी ने एक बार फिर अपने अप्रत्याशित निर्णय से सभी को अचंभित कर दिया है।

बेहतरीन फील्डर और बल्लेबाज हैं रैना

धोनी की तरह उनके साथी सुरेश रैना भी बेहतरीन क्रिकेटर के रूप में जाने जाते हैं। सुरेश रैना अपनी बल्लेबाजी के साथ-साथ शानदार फील्डिंग के लिये भी मशहूर हैं। रैना ने अपनी फील्डिंग से कई मैचों को भारत की तरफ मोड़ा है। रैना ने 30 जुलाई 2005 को श्रीलंका के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। रैना ने आखिरी मैच 17 जुलाई 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला है। इसके बाद से ही रैना टीम इंडिया से बाहर चल रहे थे। रैना वर्ष 2011 में विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य हैं।

सुरेश रैना

	टेस्ट	वन-डे	ट्वेंटी-20
मैच	18	226	78
रन	768	5615	1605
शतक	1	5	1
अर्द्धशतक	7	36	5
सर्वोच्च स्कोर	120	116	101

महेन्द्र सिंह धोनी

	टेस्ट	वन-डे	ट्वेंटी-20
मैच	90	350	98
रन	4876	10773	1617
शतक	6	10	0
अर्द्धशतक	33	73	2
सर्वोच्च स्कोर	224	183	56

- **धोनी के नाम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा (332) मैचों में कप्तानी करने का रिकॉर्ड है।**
- **धोनी ने वर्ष 2007 के ट्वेंटी-20 विश्वकप में पहली बार कप्तानी संभाली थी और पहले ही विश्वकप में जीत दर्ज की।**
- **धोनी के नाम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 195 स्टम्पिंग करने का विश्व रिकॉर्ड है। वे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा शिकार करने वाले तीसरे विकेट कीपर हैं।**
- **धोनी ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 829 बल्लेबाजों का शिकार किया है, उनसे आगे मार्क बाउचर (998) और एडम गिलक्रिस्ट (905) हैं।**
- **वन-डे क्रिकेट में 10 हजार रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज हैं धोनी। धोनी के अलावा सचिन, सौरव, विराट और द्रविड़ ने यह उपलब्धि हासिल की है।**
- **धोनी के नाम वन-डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा नॉट आउट (84) रहने का रिकॉर्ड है।**
- **रैना ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में शतक बनाने वाले पहले भारतीय हैं।**
- **रैना ने क्रिकेट के तीनों प्रारूप वन-डे, टेस्ट और ट्वेंटी-20 में शतक बनाये हैं।**

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम का इंग्लैंड दौरा सितंबर में होगा

सिडनी, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के इंग्लैंड दौरे की रूपरेखा तय हो गई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम का दौरा चार सितंबर से शुरू होगा। इस दौरे पर इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैचों की ट्वेंटी-20 और तीन मैचों की वन-डे सीरीज खेली जायेंगी। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने कहा कि ट्वेंटी-20 सीरीज के मैच चार, छह और आठ सितंबर को खेले जायेंगे। ये सभी मैच साउथैम्पटन में आयोजित होंगे, वहीं वन-डे सीरीज के मैच 11, 13 और 16 सितंबर को मैनचेस्टर में खेले जायेंगे। इस दौरे के लिये क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 21 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान एरॉन फिंच को सौंपी गई हैं।

राष्ट्रीय खेल पुरस्कार

रोहित, विनेश, रानी, मणिका और मरियप्पन को खेल रत्न की सिफारिश

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय की 12 सदस्यीय चयन समिति ने इस वर्ष राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के लिए पांच खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश की है। इनमें क्रिकेटर रोहित शर्मा, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल, महिला पहलवान विनेश फोगाट, टेबल टेनिस खिलाड़ी मणिका बत्रा और रियो पैरालिंपिक के स्वर्ण पदक विजेता मरियप्पन थंगवेलु शामिल हैं।

चयन समिति ने 29 खिलाड़ियों का नाम अर्जुन पुरस्कार के लिए प्रस्तावित किया है। अर्जुन पुरस्कार के लिए ईशांत शर्मा, दीप्ति शर्मा, सौरभ चौधरी, मनु भाकर, तीरंदाज अतनु दास, शिवा केशवन, दुती चंद, सात्विक साइराज रैंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी, विशेष भृगुवंशी, मनीष कौशिक, लवलीना बोरगोहेन, अजय सावंत, संदेश झिंगन, अदिति अशोक, आकाशदीप सिंह, दीपिका कुमारी, दीपक हुड्डा, काले सरिका, दत्तु भोकानल, मधुरिका पाटकर, दिविज शरण, दिव्या काकरान, राहुल अवारे, साक्षी मलिक, मीराबाई चानू, सुयश जाधव, संदीप और मनीष नरवाल शामिल हैं। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर दिये जायेंगे।

इंग्लैंड के कोचिंग स्टाफ में शामिल हुए अजहर महमूद

लंदन, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त से शुरू हो रही तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज के लिए पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर अजहर महमूद को अपने कोचिंग स्टाफ में शामिल किया है। ईसीबी ने कहा कि महमूद जैविक रूप से सुरक्षित वातावरण में होने वाली ट्वेंटी-20 सीरीज में इंग्लैंड के गेंदबाजी कोच जॉन लुईस का सहयोग करेंगे। महमूद ने 21 टेस्ट मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 3 शतक सहित 900 रन तथा 39 विकेट लिए हैं। महमूद ने 143 वनडे मैचों में 1521 रन तक 123 विकेट लिए हैं। महमूद पाकिस्तान के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा भी रहे हैं।

ड्रीम-11 बना आईपीएल-2020 का मुख्य प्रायोजक

नई दिल्ली, इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सत्र-2020 के लिए मुख्य प्रायोजक का ऐलान हो गया है। फैंटसी गेमिंग कंपनी ड्रीम-11 ने आईपीएल की टाइटल स्पॉन्सरशिप हासिल की है। ड्रीम-11 वर्ष 2020 सत्र के लिए मोबाइल कंपनी वीवो को रिप्लेस करेगी।

इस वर्ष आईपीएल टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 19 सितंबर से 10 नवंबर तक खेला जाएगा। भारत और चीन के बढ़ते तनाव के बीच बीसीसीआई ने आईपीएल की टाइटल स्पॉन्सर वीवो के साथ इस वर्ष के लिए करार स्थगित कर दिया है। बीसीसीआई और वीवो के बीच वर्ष 2022 तक आईपीएल स्पॉन्सरशिप का करार है। अभी बीसीसीआई ने अगले दो वर्षों के करार पर फैसला नहीं लिया है।

ड्रीम-11 ने आईपीएल की टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए 250 करोड़ रुपये की सबसे ऊंची बोली लगाई। ड्रीम-11 ने इस स्पॉन्सरशिप की रेस में अन एकेडमी और टाटा ग्रुप जैसी कंपनियों को पीछे छोड़ा। बीसीसीआई ने इस बात का ऐलान पहले ही कर दिया है कि यह करार सिर्फ चार महीने के लिए ही है।

आईपीएल के चेयरमैन ब्रजेश पटेल ने एक बयान में कहा कि हम ड्रीम-11 का आईपीएल 2020 के टाइटल स्पॉन्सर के रूप में स्वागत करते हैं। ड्रीम-11 का टाइटल स्पॉन्सर बनना ब्रांड आईपीएल के लिए शानदार है।

फिट इंडिया यूथ क्लबों की राष्ट्रव्यापी पहल आरंभ

नई दिल्ली, केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रव्यापी पहल फिट इंडिया यूथ क्लब आरंभ किया। श्री रिजिजू ने कहा कि केवल एक फिट नागरिक ही समुचित रूप से अपने देश के प्रति योगदान दे सकता है और साथी नागरिकों को आवश्यकता के क्षणों में सहायता कर सकता है। भारत 130 करोड़ से अधिक लोगों का देश है और हमारे पास पहले से ही 75 लाख वॉलेंटियर हैं और जल्द ही यह संख्या 1 करोड़ तक पहुंच जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुझे भरोसा है कि ये एक करोड़ वॉलेंटियर नियमित रूप से

फिटनेस कार्यकलाप करने के लिए देश के कोने-कोने में कम से कम 30 करोड़ भारतीयों को प्रेरित कर सकते हैं। समय बीतने के साथ वॉलेंटियर्स की संख्या और जिन्हें फिट इंडिया आंदोलन के लिए प्रेरित किया जा सकता है, उनकी संख्या भी बढ़ जाएगी और जल्द ही हम प्रत्येक भारतीय तक पहुंचने में भी सक्षम होंगे।

फिट इंडिया यूथ क्लब फिटनेस और संकल्प को एक साथ जोड़ता है जिसमें स्काउट्स एवं गाइड्स, एनसीसी एवं अन्य युवा संगठनों के साथ साथ नेहरू युवा केंद्र संगठन और नेशनल सर्विस स्कीम के 75 लाख वॉलेंटियर एक जिला इकाई के तत्वावधान में देश के प्रत्येक ब्लॉक में फिट इंडिया यूथ क्लब के रूप में पंजीकरण करने के लिए साथ आएंगे और क्लब का प्रत्येक सदस्य समुदाय के लोगों को उनको रोजमर्रा के रूटीन में 30 से 60 मिनट तक फिटनेस गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

सामयिकी

'स्वच्छ भारत क्रांति' पुस्तक का विमोचन

पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के सचिव श्री परमेश्वरन अय्यर द्वारा संपादित पुस्तक 'स्वच्छ भारत रिवोल्यूशन' का हिन्दी में अनुवाद किया गया है और उसे 'स्वच्छ भारत क्रांति' के रूप में प्रकाशित किया गया है। इस पुस्तक का आधिकारिक रूप से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत एवं केंद्रीय कपड़ा एवं महिला तथा बाल विकास मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी द्वारा नई दिल्ली में विमोचन किया गया।

स्वच्छ भारत क्रांति पुस्तक, स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के विविध प्रकार के हितधारकों एवं योगदान दाताओं द्वारा 35 निबंधों के जरिये एसबीएम की उल्लेखनीय यात्रा दर्शाती है, जिन्होंने इस सामाजिक आंदोलन पर अपना परिप्रेक्ष्य साझा किया। निबंधों को चार प्रमुख वर्गों में व्यवस्थित किया गया है, जो एसबीएम की सफलता के चार प्रमुख स्तंभ राजनीतिक नेतृत्व, सार्वजनिक वित्तपोषण, साझेदारियां एवं जनभागीदारी हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावना के साथ, यह अरुण जेटली, अमिताभ कांत, रतन टाटा, सदगुरु, अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, तवलीन सिंह, विल गेट्स एवं अन्य लोगों द्वारा लिखे गए निबंधों का एक संकलन है।

स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री का संबोधन

भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में नई क्रांति लाएगा नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन : प्रधानमंत्री

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को संबोधित करते हुये सभी देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सभी स्वातंत्र्य सेनानियों, आजादी के वीरों, रणबांकुरों और वीर शहीदों को नमन करने का पर्व है। साथ ही मां भारती की रक्षा और सामान्य मानव की सुरक्षा में जुटे सेना के जांबाज जवानों, अर्धसैनिक बलों और पुलिस के जवानों को भी हम नमन करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना योद्धाओं को नमन करते हुये कहा कि इस कोरोना के कालखंड में 'सेवा परमो धर्मः' के मंत्र के साथ, पूर्ण समर्पण भाव से मां भारती के लालों की सेवा करने वाले सभी कोरोना वॉरियर्स को भी मैं आज नमन करता हूं।

आजादी के 75 वर्ष के लिए संकल्प

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संबोधन के दौरान कहा कि मेरे प्यारे देशवासियों, हमारे लिए यह स्वतंत्रता का पर्व आजादी के वीरों को याद करके नए संकल्पों की ऊर्जा का एक अवसर होता है। यह एक प्रकार से हमारे लिए नई प्रेरणा लेकर के आता है, नई उमंग, नया उत्साह लेकर के आता है। इस बार तो हमारे लिए संकल्प करना बहुत आवश्यरक भी है और बहुत शुभ अवसर भी है, क्योंकि अगली बार जब हम आजादी का पर्व मनाएंगे, तब हम 75वें वर्ष में प्रवेश करेंगे। ये अपने-आप में एक बहुत बड़ा अवसर है इसलिए आज और आने वाले दो साल के लिए बहुत बड़े संकल्प लेकर के हम 130 करोड़ देशवासियों को चलना है। आजादी के 75वें वर्ष में जब प्रवेश करेंगे और आजादी के 75 वर्ष जब पूर्ण होंगे, तब हम हमारे संकल्पों की पूर्ति को एक महापर्व के रूप में भी मनाएंगे।

प्रधानमंत्री द्वारा इन बातों पर भी दिया गया जोर

- **कोरोना वैश्विक महामारी और आत्मनिर्भर भारत** : कोरोना वैश्विक महामारी के बीच 130 करोड़ भारतीयों ने आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया और आत्मनिर्भर भारत आज 130 करोड़ देशवासियों के लिए मंत्र बन गया है।
- **वोकल फॉर लोकल** : हमारे जो स्थानीय उत्पाद हैं उनका हमें गौरवगान करना चाहिए। आइए, हम मिल करके संकल्प लें, आजादी के 75वें साल के पर्व की ओर जब कदम रख रहे हैं, तब वोकल फॉर लोकल जीवन मंत्र बन जाए और हम मिल करके भारत की उस ताकत को बढ़ावा दें।
- **राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा परियोजना** : देशवासियों के जीवन को और देश की अर्थव्यवस्था को कोरोना के प्रभाव से जल्दी से जल्दी बाहर निकालना आज हमारी प्राथमिकता है। इसमें अहम भूमिका रहेगी नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन प्रोजेक्ट की। इस पर 110 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा खर्च किये जाएंगे।
- **गरीब कल्याण रोज़गार अभियान** : कोरोना काल में अपने ही गांव में रोज़गार के लिए गरीब कल्याण रोज़गार अभियान शुरू किया गया है।
- **एक भारत श्रेष्ठ भारत** : हमारी पॉलिसी, हमारी प्रोग्रेस और हमारे प्रोडक्ट्स सब कुछ उत्तम से उत्तम हों, तभी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की परिकल्पना साकार होगी।
- **आत्मनिर्भर कृषि और आत्मनिर्भर किसान** : आत्मनिर्भर भारत की अहम प्राथमिकता आत्मनिर्भर कृषि और आत्मनिर्भर किसान हैं। देश के किसानों को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर देने के लिए हाल ही में भारत सरकार ने एक लाख करोड़ रुपए एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटित किए हैं।
- **नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति** : राष्ट्रीय शिक्षा नीति हमारे विद्यार्थियों को जड़ से जोड़ेंगी। लेकिन साथ-साथ उनको एक ग्लोबल सिटिजन बनाने का भी पूरा सामर्थ्य देगी।
- **स्वास्थ्य क्षेत्र** : कोरोना काल खंड में इस क्षेत्र की तरफ ध्यान जाना बहुत स्वाभाविक है। कोरोना की शुरुआत के समय इसकी जांच के लिए हमारे देश में सिर्फ एक लैब थी, आज 1400 लैब्स का नेटवर्क हिन्दुस्तान के हर कोने में फैला हुआ है। जब कोरोना का संकट आया तो एक दिन में सिर्फ 300 टेस्ट हो पाते थे। आज हर दिन 7 लाख से ज्यादा टेस्ट हम कर पा रहे हैं।
- **नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन** : स्वास्थ्य क्षेत्र में आज से नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन का भी आरंभ किया जा रहा है। इसमें टेक्नोलॉजी का भी बहुत बड़ा रोल रहेगा। भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र में ये एक नई क्रांति ले आएगा। प्रत्येक भारतीय को हेल्थ आईडी दी जाएगी। ये हेल्थ आईडी प्रत्येक भारतीय के स्वास्थ्य खाते की तरह काम करेगी।
- **आतंकवाद और विस्तारवाद का मुकाबला** : आतंकवाद और विस्तारवाद का भारत आज डटकर मुकाबला कर रहा है। आज दुनिया का भारत पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द का राष्ट्र के नाम संदेश

यदि कोई अशांति उत्पन्न करने की कोशिश करेगा तो उसे दिया जाएगा माकूल जवाब : राष्ट्रपति

भारत के राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द ने 74वें स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों की नींव पर ही, आधुनिक भारत का निर्माण हो रहा है। हमारे दूरदर्शी राष्ट्र-नायकों ने, अपने विविध विचारों को राष्ट्रीयता के एक सूत्र में पिरोया था। उनकी साझा प्रतिबद्धता थी - देश को दमनकारी विदेशी शासन से मुक्त कराना और भारत माता की संतानों के भविष्य को सुरक्षित करना। उन्होंने अपने कार्य-कलापों से आधुनिक राष्ट्र के रूप में भारत की पहचान को मूर्त रूप प्रदान किया।

श्री कोविन्द ने कहा कि अपने सामर्थ्य में विश्वास के बल पर हमने कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में अन्य देशों की ओर भी मदद का हाथ बढ़ाया है। अन्य देशों के अनुरोध पर दवाओं की आपूर्ति करके हमने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि भारत संकट की घड़ी में, विश्व समुदाय के साथ खड़ा रहता है। क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर महामारी का सामना करने के लिए प्रभावी रणनीतियों को विकसित करने में हमारी अग्रणी भूमिका रही है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता के लिए, हाल ही में सम्पन्न चुनावों में मिला भारी समर्थन, भारत के प्रति व्यापक अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना का प्रमाण है।

राष्ट्रपति ने कहा कि आज विश्व समुदाय, 'वसुधैव कुटुम्बकम्', अर्थात् 'समस्त विश्व एक ही परिवार है' की उस मान्यता को स्वीकार कर रहा है, जिसका



उद्घोष हमारी परंपरा में बहुत पहले ही कर दिया गया था। लेकिन, आज जब विश्व समुदाय के समक्ष आई सबसे बड़ी चुनौती से एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है, तब हमारे पड़ोसी ने अपनी विस्तारवादी गतिविधियों को चालाकी से अंजाम देने का दुस्साहस किया। सीमाओं की रक्षा करते हुए, हमारे बहादुर जवानों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। भारत माता के वे सपूत, राष्ट्र गौरव के लिए ही जिए और उसी के लिए मर मिटे। पूरा देश गलवान घाटी के बलिदानियों को नमन करता है। हर भारतवासी के हृदय में उनके परिवार के सदस्यों के प्रति कृतज्ञता का भाव है। उनके शौर्य ने यह दिखा दिया है कि यद्यपि हमारी आस्था शांति में है, फिर भी यदि कोई अशांति उत्पन्न करने की कोशिश करेगा तो उसे माकूल जवाब दिया जाएगा। हमें अपने सशस्त्र बलों, पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों पर गर्व है जो सीमाओं की रक्षा करते हैं और हमारी आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।

श्री कोविन्द ने कहा कि मेरा मानना है कि कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में, जीवन और आजीविका दोनों की रक्षा पर ध्यान देना आवश्यक है। हमने मौजूदा संकट को सबके हित में, विशेष रूप से किसानों और छोटे उद्यमियों के हित में, समुचित सुधार लाकर अर्थव्यवस्था को पुनः गति प्रदान करने के अवसर के रूप में देखा है। यह दौर हम सभी के लिए कठिन है। राष्ट्रपति श्री कोविन्द ने कहा कि हमारे पास विश्व-समुदाय को देने के लिए बहुत कुछ है, विशेष कर बौद्धिक, आध्यात्मिक और विश्व-शांति के क्षेत्र में। इसी लोक-मंगल की भावना के साथ, मैं प्रार्थना करता हूँ कि समस्त विश्व का कल्याण हो।

सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु, मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्।।

एक बार फिर, 74वें स्वाधीनता दिवस की बधाई देते हुए आप सभी के अच्छे स्वास्थ्य एवं सुन्दर भविष्य की कामना करता हूँ।

असम का अपना 24X7 दूरदर्शन चैनल

असम के लोगों के लिए एक उपहार है ये चैनल : श्री जावड़ेकर

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से असम के लिए 24 घंटे समर्पित चैनल दूरदर्शन असम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री जावड़ेकर ने कहा कि यह चैनल असम के लोगों के लिए एक उपहार है और यह चैनल असम के सभी वर्ग के लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा और यह बेहद लोकप्रिय होगा। असम के मुख्यमंत्री श्री सर्वानंद सोनोवाल इस कार्यक्रम में असम से शामिल हुए। असम के लोगों के लिए एक ख़ास दिन करार देते हुए उन्होंने कहा कि यह चैनल मानव गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में असम के विकास को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही यह चैनल सरकार की पहलों और कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर लाने में भी मदद करेगा। श्री सोनोवाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता को यह कहते हुए स्वीकार किया कि श्री मोदी सत्ता में आने के पहले दिन से ही उत्तर-पूर्व की वास्तविक क्षमता और संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की बड़ी गंभीरता से कोशिश कर रहे हैं। गौरतलब है कि डीडी असम पर आकर्षक सामग्री प्रसारित करने का प्रयास किया जा रहा है जिसमें मेगा-धारावाहिक, संगीत कार्यक्रम, यात्रा वृतांत, रियलिटी शो, फीचर फिल्म आदि शामिल होंगे।

संगीत मार्तंड पंडित जसराज का अमेरिका में निधन

महान शास्त्रीय गायक पंडित जसराज का 90 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके परिवार ने एक बयान जारी कर कहा है कि अमेरिका के न्यू जर्सी स्थित घर पर दिल का दौरा पड़ने से उनका देहांत हुआ। हरियाणा के हिसार में जन्मे पंडित जसराज ऐसे परिवार से ताल्लुक रखते थे, जो 4 पीढ़ियों से शास्त्रीय संगीत की परंपरा को आगे बढ़ा रहा था। ख्याल शैली की गायिकी पंडित जसराज की विशेषता रही। उनके पिता पंडित मोतीराम मेवाती घराने के संगीतज्ञ थे। पंडित जसराज ने अंतिम प्रस्तुति इसी वर्ष हनुमान जयंती पर वाराणसी के संकटमोचन मंदिर के लिए दी थी।

पंडित जसराज पद्म विभूषण और पद्म श्री पुरस्कार सहित कई सम्मानों से नवाजे गए थे। सातों महाद्वीप में कार्यक्रम पेश करने वाले पंडित जसराज पहले भारतीय रहे हैं। पिछले साल सितंबर में सौर मंडल में एक ग्रह का नाम उनके नाम पर रखा गया था, यह सम्मान पाने वाले वह पहले भारतीय कलाकार बने थे।

भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और शीर्ष गायकों समेत देश-दुनिया के संगीत प्रेमियों ने पंडित जसराज के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुये उन्हें भावपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पंडित जसराज के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये कहा कि पंडित जसराज के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से भारतीय सांस्कृतिक जगत में एक गहरा शून्य पैदा हो गया है। न केवल उनकी प्रस्तुतियां उत्कृष्ट थीं, बल्कि उन्होंने कई अन्य गायकों के लिए एक असाधारण गुरु के रूप में भी अपनी पहचान बनाई।



(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कॅरियर की राहें

डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में कॅरियर के अवसर

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिए 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिए जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिए उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिए कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुए आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

यकीनन कोविड-19 की चुनौतियों के बीच तेजी से डिजिटल होती हुई देश की अर्थव्यवस्था में जो कॅरियर छलांगे लगाकर आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है वह है, डिजिटल मार्केटिंग का कॅरियर।

निसंदेह डिजिटल अर्थव्यवस्था के बढ़ने से बड़ी संख्या में डिजिटल मार्केटिंग में रोज़गार के मौके तेजी से भारत की नई पीढ़ी के लिये बढ़ रहे हैं। विश्व प्रसिद्ध मैकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट के द्वारा प्रकाशित की गई रिपोर्ट 'डिजिटल इंडिया : टेक्नोलॉजी टू ट्रांसफॉर्म ए कनेक्टेड नेशन' में कहा गया है कि भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था के तेजी से बढ़ने से वर्ष 2025 तक देश की कई परम्परागत नौकरियों के समाप्त होने के बावजूद डिजिटलीकरण से करीब 2 करोड़ से अधिक नई नौकरियाँ निर्मित होते हुए दिखाई देंगी। डिजिटलीकरण से संबंधित नई नौकरियों में डिजिटल मार्केटिंग की नौकरियाँ ऊंचाई पर दिखाई देंगी।

क्या है डिजिटल मार्केटिंग?

डिजिटल मार्केटिंग का अभिप्राय है- इंटरनेट का उपयोग करते हुए वेबसाइट, ई-मेल, सोशल मीडिया, ब्लॉग और पॉप अप विज्ञापनों जैसे माध्यमों के जरिए संभावित ग्राहकों तक जानकारी पहुँचाना, उन्हें खरीदी के लिए प्रेरित करना तथा विक्री संबंधी सेवाएँ प्रदान करना। वस्तुतः इंटरनेट के जरिए डिजिटल रूप से किए जाने वाले प्रत्येक व्यवसाय-कारोबार की बुनियाद डिजिटल मार्केटिंग है।

कोरोना महामारी के कारण हुए लॉकडाउन से ऑनलाइन एजुकेशन तथा वर्क फ्रॉम होम प्रवृत्ति बढ़ने से देश में डिजिटल दौर तेजी से आगे बढ़ा है। देश में इंटरनेट के उपयोगकर्ता छलांगें लगाकर आगे बढ़ते हुए 62 करोड़ से अधिक की संख्या में पहुँच गए हैं। देशभर में डिजिटल इंडिया के तहत सरकारी सेवाओं के डिजिटल होने, 40 करोड़ से अधिक जनधन खातों में लाभार्थियों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) से भुगतान, तेजी से बढ़ी ऑनलाइन खरीदारी, लोगों की क्रय शक्ति के अनुसार मोबाइल फोन व अन्य डिजिटल चीजों की सरल आपूर्ति, प्रति व्यक्ति डेटा खपत तथा मोबाइल ब्रॉडबैंड ग्राहकों की तादाद के मामले में भारत का विश्व के प्रमुख देशों में स्थान होना प्रमुख कारण है।

देश में बढ़ते हुए डिजिटल भुगतान ने भी कॅरियर के डिजिटल मौके बढ़ाए हैं। देश में जो डिजिटल पेमेंट कोरोना के पहले जनवरी 2020 में करीब 2.2 लाख करोड़ रुपए के थे, वे जून 2020 में 2.60 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गए हैं। इन सबके अलावा टिकटॉक जैसे चीनी एप पर प्रतिबंध लगने के बाद भारतीय डिजिटल कम्पनियों के मौके और अधिक बढ़े हैं। जिस तेजी से वैश्विक डिजिटल कंपनियाँ भारत में लगातार अपने कदम बढ़ाते हुए दिखाई दे रही हैं। उस तेजी से डिजिटल मार्केटिंग में कॅरियर के मौके बढ़ रहे हैं। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि भारत में बढ़ते हुए डिजिटलीकरण से ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ा है और ई-कॉमर्स में डिजिटल मार्केटिंग बढ़ी है।

डिजिटलीकरण से ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ा

गौरतलब है कि भारत में बढ़ते हुए डिजिटलीकरण से ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ा है। हाल ही में विश्व प्रसिद्ध ग्लोबल डेटा एजेंसी स्टेटिस्टा के द्वारा लॉकडाउन और कोविड-19 के बाद जिंदगी में आने वाले बदलाव के बारे में जारी की गई वैश्विक अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक 46 प्रतिशत लोगों का मानना है कि वे अब खरीदारी के लिए भीड़-भाड़ में नहीं जाएंगे। वे ई-कॉमर्स के माध्यम से घर बैठे वस्तुएँ प्राप्त करना चाहेंगे। इसी तरह विश्व प्रसिद्ध बर्नस्टीन रिसर्च की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में कोरोनाकाल में लोगों ने जिस तेजी से डिजिटल का रुख किया है, वह भारत के लिए आर्थिक रूप से उपयोगी हो गया है। अनुमान लगाया गया है कि वर्ष 2027-28 तक भारत में ई-कॉमर्स का कारोबार 200 अरब डॉलर से भी अधिक की ऊँचाई पर पहुँच सकता है।

उल्लेखनीय है कि लॉकडाउन के बीच रिलायंस जियो और फेसबुक में ई रिटेल शॉपिंग में उतरने को बड़ी डील हुई है। फेसबुक ने जियो प्लेटफॉर्म्स में 5.7 अरब डॉलर लगाकर 9.9 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की है। अब रिलायंस का जियोमार्ट और फेसबुक का वाट्सएप प्लेटफॉर्म मिलकर भारत के करीब 3 करोड़ खुदरा कारोबारियों और किराना दुकानदारों को पड़ोस के ग्राहकों के साथ जोड़ने का काम कर रहे हैं। इनके लेन-देन डिजिटल होने से पड़ोस की दुकानों से ग्राहकों को सामान जल्द मिलेगा और छोटे दुकानदारों का कारोबार भी बढ़ेगा। बर्नस्टीन के मुताबिक जियो-फेसबुक का प्लेटफॉर्म अप्रोच भारत में कॉमर्स, पेमेंट और कंटेंट से जुड़ी 10 महत्वपूर्ण सर्विसेज का इकोसिस्टम बना रहा है। इससे साल 2025 तक करीब 151 लाख करोड़ रुपए का बाजार खड़ा हो सकता है।

बढ़ गए हैं डिजिटल मार्केटिंग में रोज़गार के मौके

यह भी उल्लेखनीय है कि भारत में डिजिटलीकरण के लिए तेजी से विदेशी निवेश आने से डिजिटल अर्थव्यवस्था के छलांगे लगाकर बढ़ने के साथ-साथ भारत में डिजिटल मार्केटिंग के मौके भी तेजी से बढ़ने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। जनवरी 2020 की शुरुआत से जून 2020 तक अमेरिकी टेक कंपनियाँ भारत में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि तथा रिटेल सेक्टर के ई-कॉमर्स बाजार की संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए करीब 17 अरब डॉलर के निवेश के साथ आगे बढ़ी हैं। 22 जुलाई को अमेरिका-भारत बिजनेस काउंसिल की इंडिया आयडियाज समिट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अमेरिका से भारत में निवेश की नई संभावनाएँ निर्मित हुई हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पियो ने भी कहा कि अमेरिका जैसे तमाम देश भारत पर भरोसा करते हैं। निश्चित रूप से इस समिट के बाद अमेरिका से भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए निवेश और बढ़ेगा। ऐसे में अमेरिकी डिजिटल कंपनियों का भारत में बढ़ता प्रौद्योगिकी निवेश और बढ़ती साझेदारी डिजिटल भारत, आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियान के लिए अधिक लाभप्रद दिखाई दे रहा है।

यह भी महत्वपूर्ण है कि 13 जुलाई को दुनिया की दिग्गज टेक्नोलॉजी कंपनी गूगल की होल्डिंग कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में कहा कि गूगल फॉर इंडिया डिजिटाइजेशन फंड के जरिए भारत में अगले 5 से 7 साल में 10 अरब डॉलर (करीब 75,000 करोड़ रुपये) का निवेश किया जाएगा। गूगल द्वारा जियो में 33,737 करोड़ रुपये के निवेश से 7.7 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा भी हो चुकी है। इस तरह गूगल भी भारत में बड़े निवेश के मद्देनजर अपने कदम आगे बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। इससे डिजिटल मार्केटिंग में कॅरियर के मौके बढ़ रहे हैं।

डिजिटल मार्केटिंग के तहत विभिन्न पदों पर उपलब्ध हैं अवसर

गौरतलब है कि डिजिटल मार्केटिंग के तहत कॅरियर के लिए समय, दूरी और कार्यस्थल संबंधी कोई सीमाएं नहीं हैं। डिजिटल मार्केटिंग का कार्य घर पर रहते हुए भी सरलतापूर्वक किया जा सकता है। इस क्षेत्र में विभिन्न विशेषज्ञताओं से जुड़े कॅरियर के कई मौके हैं। इनमें डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, कंटेंट मार्केटिंग मैनेजर, कंटेंट राइटर्स, सोशल मीडिया मार्केटिंग एक्सपर्ट, सर्च इंजन मार्केटर, एसईओ एक्जीक्यूटिव, कॉपी एडिटर, स्टोरी बोर्ड आर्टिस्ट, एनिमेटर्स, प्रोग्रामर्स, वेब डिजाइनर और मीडिया मैनेजर जैसे पदों पर रोज़गार के ढेरों अवसर उपलब्ध हैं। आईटी, टूरिज्म, बैंकिंग, रिटेल, सोशल मीडिया, हॉस्पिटेलिटी, ई-कॉमर्स आदि से संबंधित कंपनियों के लिए डिजिटल मार्केटिंग एक्सपर्ट की जरूरत बढ़ती जा रही है। साथ ही विदेशी डिजिटल मार्केटिंग कंपनियों में भी कॅरियर के अच्छे मौके बढ़ते जा रहे हैं।

गौरतलब है कि डिजिटल मार्केटिंग उत्पाद को जारी करने, प्रचार, विक्री ब्रांड छवि बनाना, जन संपर्क या उपभोक्ता सेवा जैसी अपेक्षा रखने वाली कंपनियों के लिए उपयोगी है। इसके लचीलेपन, सहूलियत और किफायती दर में उपलब्ध होने से यह बहुत ज्यादा प्रभाव डालती है। इसकी नई, आकर्षक और रचनात्मक विशेषताएँ कंपनियों को वर्तमान उपभोक्ताओं तक पहुँचने और नए बाजार तलाशने में मदद करती है।

इस क्षेत्र में कॅरियर के लिए जरूरी योग्यताएँ

अगर आप इस क्षेत्र में ऊँचाइयों को छूना चाहते हैं तो आपको डिजिटल मार्केटिंग के सभी आयामों का अच्छा ज्ञान होना चाहिए, साथ ही डिजिटल मार्केटिंग में पेशेवर प्रमाणन एवं डिजिटल मार्केटिंग की समग्र प्रक्रिया के बारे में सही जानकारी भी होना चाहिए। डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए डिजिटल मार्केटिंग की विशेषज्ञता के साथ अच्छी अंग्रेजी, कम्प्यूटर दक्षता, कम्युनिकेशन स्किल, जनसंचार तथा विज्ञापन क्षेत्र से जुड़ी हुई स्किल्स लाभप्रद होती हैं। तकनीकी कुशलता के संदर्भ में वेब डिजाइन, सोशल मीडिया, वेब संबंधित सॉफ्टवेयर का अच्छा ज्ञान, विश्लेषणात्मक कौशल और अनुसंधान कौशल भी लाभप्रद होता है। डिजिटल मार्केटिंग के लिए जरूरी ईमेल, यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलिग्राम, ट्विटर, वेबसाइट्स, सोशल नेटवर्क, गूगल एड, सर्च रिजल्ट आदि के बारे में अच्छी जानकारी लाभप्रद होती है।

डिजिटल मार्केटिंग में कॅरियर के लिए उपयुक्त डिग्रियाँ

उल्लेखनीय है कि डिजिटल मार्केटिंग में अच्छा कॅरियर बनाने के लिए मैनेजमेंट, कॉमर्स, कम्प्यूटर, आईटी जैसी डिग्रियों और एमबीए की पढ़ाई के साथ डिजिटल मार्केटिंग के सर्टिफिकेट या डिप्लोमा कोर्स लाभप्रद हो सकते हैं। एमबीए इन डिजिटल मार्केटिंग किया जाना भी अत्यधिक लाभप्रद हो सकता है।

मध्यप्रदेश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों और कई निजी संस्थानों में डिजिटल मार्केटिंग के सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री और पोस्ट ग्रेजुएशन के कोर्स संचालित किए जाते हैं। यदि आप डिजिटल मार्केटिंग में कॅरियर बनाना चाहते हैं, तो अपनी उपयुक्तता के अनुसार डिजिटल मार्केटिंग कोर्स के लिए अच्छे संस्थान का चयन करके कॅरियर की डगर पर आगे बढ़ें।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

अगर आप जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं तो नई आदतों का निर्माण करना सीखें – जे. हेक्सकिंग

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।